If 'economic growth model' of development was simply a process of increasing man's educational standard, economic status, and technological potentials, then there is no need to subject this model to critical analysis. No one can deny the importance of economic growth and technological progress in man's development.

But the economic growth model a fall system, it is almost a religion with its own article of faith; Here we shall consider the following two major basic pres-uppositions of the system:

1. Man's all problems can fully be explained in terms of what a man "has". If he has less than what he should have i.e. inadequate water, food, shelter, knowledge, technological facilities etc then he suffers. Man can be delivered from his sufferings by -

- providing "more" to him (a charity approach)
- enabling him to get"more"(a developmental approach)
- awakening him to demand "more" (a social action approach)

2. The model presupposes that the process of development should be purely scientific. All the aspect of the process should be within the frame work of science i.e. within the frame work of "cause and effect." Anything beyond it must be discarded as irrational. However if people still want to ding to their religions then the religions and its beliefs should be confined to the four walls of worship centres. Religions should be always kept away from socio-economic and political aspects of human life.

A moral vacuum:

Let us now examine the consequences of these two basic pre-suppositions on our society -

The first pre-suppositions gives us a criteria of measuring the status of man, society or a culture. According to this, development of man should be measured in terms of what a man "has" - his knowledge, education, certificates, institutions, organisations, police force, judicial system, health care system, satalites and atom bombs. Those who have more of it are lebelled "developed." That is why Wester affluent countries

....2.

are called "developed" nations, and the poor nations, despite of all their cultural heritage are looked down as "under-developed." No one seems to question this terminology because economic growth and technological progress is now universally accepted parameter of development.

If this is the final criteria of development, then why should the Western countries, which are so much concerned about the development of poor nations, worry about the atomic power stations in India? If development means only empowering people or nations then why should they impose sanctions when India develops technology for launching satalites?

The development model can not even operate in moral vacuum. Our former Prime Minister Rajiv Gandhi frankly admitted that not even 15% benefits of the economic development programmes ever reach to the poor. The present Prime Minister Mr.Narsimharao said "things are even worse." He infact expressed willingness to hand over all the developmental activities to the voluntary agencies.

A cult of science:

In their second presupposition the advocates of the model claim to be scientific and reject anything beyond the framework of "cause and effect" as unscientific and irrational.

There are two major consequences of this belief. Firstly it gave rise to a major cult, a cult of science called "scientism", and secondly the development process in the model became mechanical.

Let us first examine this cult of science. The cult is based on a faith that all that is beyond "cause and effect" frame work of science should be discarded as irrational. If this is true then the basic presupposition of science that "the world is real and that the laws are stamped in the structure of universe", is a matter of faith and can never be proved, or explained within the cause and effect framework of science, should it then be rejected as unscientific and irrational?

True science operates in all humility. It begins with a faith in natural order in the universe and then goes on to discover that order, or those laws. It also realises that scientific laws are only statements of probabilities, and they are not absolutes. If fact science only deals with probabilities and not with absolutes.

The arrogant proclaimation that all that can not be explained in the "cause and effect" framework of science should be discarded as irrational, did not come from the scientists. It came from people who converted science into God and advised us to worship industries and machines. This is a cult of science called "scientism." This cult of science is probably one of the most unscientific development in our technological society.

Now most of the planning process of our development programmes is in the hands of the followers of scientism. They formulate plans on the basis of scientism in which man is treated only upto the level of animal because in scientism there is no place for a human level existence of man. As a result the planning process becomes mechanical and indoctrination, manipulation, etc become essential parts of the implementation process.

The planning process in economic growth model appears to be scientific because they use scientific techniques, and there are several institutions which are totally involved in developing those scientific techniques. Their contribution is very valuable, it should never be undermined.

Unfortunately their contribution remains unutilised because the planning process is based on the basic presupposition of "scientism" and not of science. It is the "scientism", and not science which forces our planners to treat people only at material, mechanical and animal level. This planning process almost neglects human level of existence. The programmes then become mechanical and they heavily depend on sub-human level techniques like conditioning and indoctrination for the achieve-

.....4.

ments of their goals and targets. People refuse sub-human level treatment, they refuse react to the manipulation techniques, and then our planners have to manage their development programmes without people's participation.

Mechanical approach and the problem of people's participation: While we deeply involved in seeking people's participation in our development programme, it is very important to note that most of our development programmes run with almost none, or very little participation of people. The fact that programmes can run without people's participation is one of the basic characteristics of the programmes in economic development model. This characteristic requires a critical examination before we blame people for their non-participation. For the purpose of this critical examination, we shall take an overview of the primary health care management system, which is a part of economic growth model.

HRM - pl. print out 2 + 3
Sr 23/3/04

IH - 8.

Community Health Cell

From:	"Shanker Lal" <s-lal@dfid.gov.uk>
To:	<chc@sochara.org>; <phmovement@touchtelindia.com>
Cc:	<secretariat@phmovement.org>
Sent:	Monday, March 22, 2004 5:08 PM
Attach:	TOR-MP-Health doc; Pro forma for Commercial Proposal doc
Subject:	Temporary Health Consultant: Madhya Pradesh State Team

Dear Ms.Thelma Narayan,

DFID India invites your commercial proposal for above assignment in the format attached herewith. You can mail your reply latest by 25/03/2004. The Terms of Reference for the assignment is also attached herewith. Also, kindly send your latest CV for our record purpose.

Regards,

Shanker Lal
Deputy Head
Contracts and Procurement Advice Section - CaPAS
DFID India, British High Commission
B-28, Tara Crescent, Qutab Institutional Area
New Delhi - 110 016, India
Direct Number: 91-11-5279 3364
Tel: 91-11-2652 9123 extn: 3364
Fax:91-11-2652 9299
E-Mail: S-lal@dfid.gov.uk
Website: www.dfid.gov.uk

This e-mail has been scanned for all viruses by Star Internet. The service is powered by MessageLabs. For more information on a proactive anti-virus service working around the clock, around the globe, visit: http://www.star.net.uk

23/3/04

TERMS OF REFERENCE
Temporary Health Consultant: Madhya Pradesh State Team
DFID, INDIA

1. **Background**

a) The Department of International Development is committed to taking forward its Country Assistance Plan in India. This involves working with four state governments as well as the Government of India to enable the priorities highlighted in DFID's 'Better health for poor people' to be taken forward in India. DFID India is currently spending approximately £20 million pounds per year in the health sector. It is working at a strategic level with all four state governments as the emerging DFID state strategies to support poverty eradication are developed. At the national level, DFID is expanding its support to the National Aids Control Programme, the Reproductive and Child Health programme, and continues to be the largest donor supporting the national effort to eradicate Polio.

b) Within the four states, DFID support to better health outcomes is at different stages of development. However, in all cases we are seeking to define broader and more comprehensive programmes of sectoral support, built on the foundation of a State led and owned strategy for the health sector.

2. **Overall Objective**

a) The Health Consultant will provide technical advice to the DFID Madhya Pradesh State Team and will be the principal source of health advice. The main priority will be to take forward the recently approved District Health Management and Sector Reform Programme. In doing so, the Consultant will work closely with the Programme Manager, and a multi-disciplinary team of Advisers and programme staff.

b) The Consultant will also work closely with the State Representative in contributing to the strategic direction and development of the Health Strategy in Madhya Pradesh.

3. **Scope of Work:**

As a member of a multi-disciplinary State team, the Health Consultant will fulfil roles that have been classified as follows:

a) **District Health Management and Sector Reform programme (£17.6m)**
The main and most immediate priority will be to:

- Provide technical health inputs for this recently approved project.
- In addition, lead on processes identified in Annex 3 of the project document, and any other that may arise, in effective and timely delivery of the programme
- Regularly review progress and maintain a strategic view of impact and effectiveness of the Health project

- Work closely with the Project Officer to ensure adherence to DFID's mandatory project management procedures.
- Effectively consult with, and draw on inputs from the Madhya Pradesh multidisciplinary team.

b) **Health Strategy**

With overall strategic guidance of DFIDI's Human Development Adviser, and close liaison with the State Representative, provide the following support:

- With the State Representative, liaise on discussions on health issues with State government, technical agencies and multilateral partners in Madhya Pradesh in influencing the development and implementation of the state health policy (DANiDA led) and strategy (DFiD led).
- Keep well informed of key health policy and issues in Madhya Pradesh, and remain adequately informed of concerns of key stakeholders and other contextual issues through regular field visits.

c) **Contribution to Madhya Pradesh State Programme**

- Provide quality health advice to colleagues within the State team, drawing as appropriate on knowledge and expertise across DFiD, and taking part in the review of other Madhya Pradesh programmes as required
- Contribute to the development of appropriate DFID health and poverty elimination strategies for the Madhya Pradesh State Assistance Plan
- Identify where specialist knowledge can inform issues and facilitate provision accordingly (including: recruiting consultants, assisting in the drafting of terms of reference, briefing and de-briefing and monitoring performance)

4. **Reporting and Administrative Arrangements**

a) The Health Consultant will work for the DFID Madhya Pradesh State Team and be based in Bhopal or Delhi. S/he will report to the Madhya Pradesh Programme Manager. S/he will be required to work for upto 10 days a month based on an agreed monthly workplan with the Programme Manager. Frequent travel to Madhya Pradesh will be required, provisionally constituting 30% of time.

5. **Timing and duration of post:**

a) The appointed candidate will need to be able to start as soon as possible, but no later than 1st April 2004. The posting will be for 4 months.

6. **Skills and Competencies**

The Health Consultant:

a) will be expected to act as a source of professional advice to DFiD in both India and UK on issues relating to health, human development and their relationship to poverty. In particular the Health Consultant will need good strategic skills and technical knowledge relating to health systems development and reform, reproductive health (including safe motherhood) and priority health conditions

which affect the poor. In addition the Health Consultant should understand both macro-level and household influences and determinants upon health particularly, within the context of decentralisation in Madhya Pradesh.

b) should ideally have 5 years experience in international health development work.

c) understand the broad range of development issues, including the aims and practices of the UK's and others' development assistance, and the policy and institutional environment affecting development outcomes.

d) should be personally effective, with a strong ability to communicate.

DFID India
March 2004

Pro forma for Commercial Proposal

1. STAFF INPUTS AND FEE RATES

NAME	DESCRIPTION	No of DAYS	DAILY FEE RATE Rs.	COST in Rs.
Total				

2. Projected Reimbursable Costs

Projected reimbursable costs should be shown separately in the format set out below using separate sheets to provide full details under each heading. Unit prices should be quoted for such items as air fares (stating the class of fare envisaged), subsistence, property rents and local transport (where this is to be provided by the Proposers).

	NO	CLASS	RATE	COST Rs.
FARES Domestic		Economy		
Other travel costs (specify)				
Vehicle Rental for Local Travel				
2.1 Sub Total				
SUBSISTENCE person/days				
2.2 Sub Total				
ACCOMMODATION person/days City 1				
City 2 (specify)				
2.3 Sub Total				
COMMUNICATION including telephones and postage				
DOCUMENTATION AND REPORTING including computing expenses				
ANY OTHER (Specify)				
TOTAL PROJECTED REIMBURSABLE COSTS: (B) Rs.				
TOTAL PROJECTED CONTRACT COST: (A) + (B) Rs.				

जन-जन के लिए विज्ञान

साइन्स सेन्टर (ग्वालियर) म. प्र.
Science Centre (Gwalior) M. P.

राजीवगांधी स्वच्छता मिशन म.प्र.

द्वारा आयोजित कार्यशाला में

प्रस्तुत

14–15 सितम्बर – 96

प्रस्तुतकर्ता

अरूण भार्गव
राज्य सचिव

कार्यालय
SCIENCE CENTRE GWALIOR (M. P.)
HIG-12, DARPAN COLONY, GWALIOR-474011
✆ 341027, 341395

राजीवगांधी स्वच्छता मिशन म.प्र. के लिये साइन्स सेन्टर ग्वालियर द्वारा प्रस्तावित रणनीति

1. पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम सरपंचों /कम्युनिटी लीडर्स/ का प्रशिक्षण

कन्टेन्टस

शुद्ध पीने के पानी का प्रबंधन /मैनेजमैंट ऑफ सेफ ड्रिंकिंग वाटर/

साफ सफाई

कचरे का प्रबंधन / मैनेजमेन्ट ऑफ वेस्ट डिस्पोजल – वाटर + सालिड वेस्ट/

शौचालय निर्माण /ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम

डायरिया नियंत्रण

जीवन रक्षक घोल की जानकारी

डायरिया/जीवनरक्षक घोल/ब्लीचिंग पावडर संबंधी अंधविश्वासों का स्पष्टीकरण

वर्मीकल्चर प्रशिक्षण

शासन द्वारा उपलब्ध सुविधाओं एवं एजेंसियों की जानकारी स्वच्छता स्वास्थ्य एवं पानी के संदर्भ में

पंचायतों के स्वच्छता पानी आदि संबंधी अधिकार एवं कर्तव्य

जन चेतना में पंचायतों की भागीदारी

स्वच्छता, पर्यावरण स्वास्थ्य पानी आदि संबंधी विभिनन कानूनों की जानकारी

---

2. महिला पंच/महिला नेतृत्व/दाई/आंगनवाडी/स्वास्थ्य कार्यकर्ता/जनस्वास्थ्य रक्षा/हाई स्कूल के छात्र/छात्राओं को प्रशिक्षण ।

कन्टेन्टस

1. साफ–सफाई
2. शुद्ध पीने का पानी
3. कचरा का प्रबंधन
4. जीवन रक्षक घोल एवं डायरिया नियंत्रण
5. डायरिया जीवन रक्षक घोल ब्लीचिंग पावडर संबंधी एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी अंधविश्वासों का स्पष्टीकरण

6. स्वच्छता स्वास्थ्य एवं पानी के संदर्भ में शासन द्वारा उपलब्ध सुविधाओं एवं एजेंसियों की जानकारी

3. <u>साफ्ट वेयर विकास</u>

वीडियो फिल्म/स्लाइड शो/पोस्टर प्रदर्शनी/खिलौने/लोकगीत/लोकनाटक/लोकप्रिय व्याख्यान/पानी डायरिया प्रश्नोत्तरी इत्यादि ।

4. <u>जागरूकता कार्यक्रम</u>

स्वच्छता कला जत्था का आयोजन
संगोष्ठी बातचीत जनसंपर्क
स्लाइड शो/पोस्टर प्रदर्शनी/फिल्म/निबंध/भाषण/क्विज आदि

5. <u>मीडिया प्रशिक्षण कार्यक्रम</u>

आकाशवाणी एवं समाचार पत्रों के स्थानीय लेखकों पत्रकारों के लिये विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम

6. <u>सर्वेक्षण कार्यक्रम</u>

पानी के स्त्रोतों की जांच
पानी को शुद्ध करने के उपाय
कचरे के स्त्रोत एवं सफाई व्यवस्था
स्वास्थ्य सुविधाऐं,

7. <u>जीवन रक्षक घोल</u>

बनाने का तरीका उपयोग एवं महत्व संबंधित अंधविश्वासों का खात्मा

8. <u>वाटर टेस्टिंग किट</u>

पीने के पानी में बायलोजिकल कन्टेमिनेशन की जांच के लिये सस्ती वाटर टेस्टिंग किट का उत्पादन (उत्पादन मूल्य 10 से 12 रूपये के मध्य प्रति किट संभावित)

9. <u>तकनोलोजी का हस्तान्तरण</u> (सेनिटेशन पार्क)

कचरे के प्रबंधन संबंधी तकनोलोजी का प्रदर्शन एवं हस्तान्तरण के लिये सेनिटेशन पार्क का निर्माण

साइंस सेंटर (ग्वालियर) मध्यप्रदेश की

क्लीन-अप- म.प्र. बाल विज्ञान परिषद

उद्देश्य :

बच्चों एवं अध्यापकों में वैज्ञानिक सोच, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता, जानकारी को बढ़ावा देने के लिए यह परियोजना प्रस्तावित है । इसके प्रमुख उद्देश्य निम्न होंगे :-

1. बच्चों एवं शिक्षकों में स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए वैज्ञानिक सोच का विकास ।
2. साफ-सफाई के महत्व को समझना ।
3. अपने विद्यालय, मोहल्ले एवं घर को सभी प्रकार की गंदगी से मुक्त रखने का प्रयास ।
4. बच्चों एवं शिक्षकों के माध्यम से समुदाय में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी का विस्तार ।
5. स्वास्थ्य संबंधी अंधविश्वासों की पहचान एवं उनसे मुक्ति के लिए संगठित प्रयास करना ।
6. खेल-खेल में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी का विस्तार करना ।
7. स्कूलों में स्वास्थ्य शिक्षा का विस्तार करना ।
8. पोस्टर/फिल्म/स्लाइड/पुस्तक प्रकाशन सहित सोफ्टवेयर तैयार करना ।
9. प्रतिवर्ष राज्य स्तर पर शिक्षकों एवं बच्चों की स्वास्थ्य एवं स्वच्छता कांग्रेस आयोजित करना ।

संरचना :

आधारभूत ईकाईयां :

बाल विज्ञान परिषद की आधारभूत ईकाई स्कूली या मोहल्ले स्तर पर गठित ईकाई होगी ।

स्कूली/मोहल्ला स्तर ईकाई :

* बाल विज्ञान का गठन किसी भी शाला या मोहल्ले में हो सकता है ।
* कम से कम 11 बच्चे मिलकर यह ईकाई बना सकते हैं ।
* आयु 5 वर्ष से 18 वर्ष के बीच होनी चाहिए ।

....2

* परामर्श हेतु शाला समन्वयक (शिक्षक) हों तो अच्छा है ।
* प्रारंभ में बाल संयोजक सदस्यता अभियान चलायेगा ।
* ।। सदस्य होते ही चुनाव होगा । अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह-सचिव और कोषाध्यक्ष के अलावा कार्यकारिणी में 6 सदस्य चुने जायेंगे ।

जिला/क्षेत्रीय ईकाई :

आधारभूत ईकाईयाँ मिलकर जिला एवं क्षेत्रीय स्तर की ईकाईयों का गठन करेंगे ।

राज्य स्तर ईकाई :

ग्वालियर की उपलब्धि के आधार पर राज्य के अन्य जिलों में भी इस योजना को अपनाया जा सकता है ।

संगठन का स्वरूप :

1. इसकी शाखा का गठन वर्ष में कभी भी हो सकता है, कार्यकाल एक वर्ष तक रहेगा ।
2. पंजीयन शुल्क 3/- रू. जमा करते ही सदस्यता फार्म मिल जाऐगा ।
3. प्रतिमाह 2/- रू. सदस्यता शुल्क के रूप में जमा करना होंगे । 12/- रू. एक साथ जमा कर सालाना सदस्य भी बना जा सकता है ।
4. सदस्यता कभी भी ग्रहण की जा सकती है ।
5. परिषद की माह में एक बैठक आवश्यक है । बैठक शाला भवन, किसी पेड़ की छाया में या खुले मैदान में हो सकती है ।
6. बैठक में माह भर की गतिविधियों का लेखा-जोखा उपलब्धियाँ, कठिनाईयों और आगामी योजनाओं पर विचार किया जा सकता है ।
6. परिषद की बैठक बुलाने का अधिकार शाखा समन्वयक और बाल अध्यक्ष को है ।
7. अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष बैठक आमंत्रित कर उनकी अध्यक्षता कर सकता है ।

8. सचिव बैठक की कार्यवाही और परिषद की गतिविधियों का रिकार्ड रखेंगे ।
9. सह-सचिव सहायता करेंगे। अनुपस्थिति की हालत में सचिव का कार्य देखेंगे ।
10. कोषाध्यक्ष सदस्यता शुल्क और अन्य प्राप्त राशि का लेखा-जोखा रखेंगे ।
11. 100/- रू. से अधिक राशि एकत्र होने पर पोस्ट ऑफिस या बैंक में खाता खोला जा सकता है ।
12. राशि का उपयोग शाखा समन्वयक की देखरेख में कार्यकारिणी की सहमति से होगा । वार्षिक लेखा साइंस सेंटर को देना होगा ।

13. विशेष कार्यक्रम आयोजित करने के लिए अध्यक्ष अपने अधिकार का प्रयोग कर सकता है । निर्णय की सूचना यथाशीघ्र कार्यकारिणी को दी जाना चाहिये ।

14. शिक्षा विभाग या एनसीएसटीसी विधिवत रूप से गठित बाल विज्ञान परिषद की शाखाओं को मान्यता देगा ।

15. साइंस सेंटर की बैठकों में बाल विज्ञान परिषद के अध्यक्ष और सचिव को विशेष आमंत्रण ।

प्रस्तावित गतिविधियाँ:

1. विद्यालयीन एवं मोहल्लागत स्वच्छता कार्यक्रम चलाना (देखे संलग्न)
2. डायरिया एवं घेघा रोग की जानकारी का विस्तार ।
3. पीने के पानी संबंधी जानकारी ।
4. स्वच्छता, स्वास्थ्य/पानी पर आधारित नाटक/गीत/पोस्टर तैयार करना एवं खेलना ।
5. स्वच्छता, स्वास्थ्य/पानी प्रश्नोत्तरी/निबंध/भाषण प्रतियोगितायें ।
6. स्वच्छता,बाल स्वास्थ्य एवं पर्यावरण अध्ययन परियोजनायें सर्वेक्षण इकाई तैयार करना एवं इसके आधार पर जिला एवं राज्य स्तरीय स्वास्थ्य एवं स्वच्छता कांफ्रेंस आयोजित करना ।2
7. नाटक/गीत लेखन/कार्यशालायें आयोजित करना एवं प्रस्तुतीकरण ।

व्यक्तिगत स्वच्छता कार्ड (विद्यार्थी)

विद्यार्थी का नाम कक्षा

	तिथि	तिथि	तिथि	तिथि	तिथि	तिथि	तिथि	तिथि	तिथि	तिथि
त्वचा की स्वच्छता										
सिर की स्वच्छता										
नाक/कान की स्वच्छता										
आंखों की स्वच्छता										
मुख एवं दांतों की स्वच्छता										
पैरों की स्वच्छता										
नाखूनों की स्वच्छता										
वस्त्रों की स्वच्छता										
अपनी निजी वस्तुओं की स्वच्छता										
शौचालय का उचित प्रयोग										
चप्पल/जूते पहनना										
रुमाल/नैपकिन का प्रयोग										
रोग के कारण अनुपस्थिति (दिन)										
विशेष ध्यान देने योग्य क्षेत्र										
हस्ताक्षर कक्षा अध्यापिका										

यह प्रत्येक विद्यार्थी के लिए रखा जा सकता है। यह मूल्यांकन कोई अध्यापक या बड़ी कक्षा का विद्यार्थी समय समय पर कर सकता है।

कक्षा मूल्यांकन कार्ड

कक्षा अध्यापिका कक्षा

	प्रथम सत्र		द्वितीय सत्र		तृतीय सत्र	
	तिथि, स्वच्छ बच्चे की संख्या	स्वच्छता की आवश्यकता	तिथि स्वच्छ बच्चे	स्वच्छता की आवश्यकता	तिथि स्वच्छ बच्चे	स्वच्छता की आवश्यकता
त्वचा की स्वच्छता						
सिर की स्वच्छता						
नाक, कान की स्वच्छता						
आंखों की स्वच्छता						
मुख एवं दांतों की स्वच्छता						
पैरों की स्वच्छता						
नाखूनों की स्वच्छता						
वस्त्रों की स्वच्छता						
अपनी निजी वस्तुओं की स्वच्छता						
शौचालय का उचित प्रयोग						
चप्पल/जूते पहनना						
रूमाल/नैपकिन का प्रयोग						
रोग के कारण अनपस्थिति						
विशेष, ध्यान देने योग्य क्षेत्र						
ह० कक्षा अध्यापिका						

यह प्रत्येक कक्षा अध्यापक अपनी कक्षा की सामूहिक व्यक्तिगत स्वच्छता का आकलन करने के लिए प्रयोग कर सकता है।

त्रैमासिक विद्यालयी स्वच्छता मूल्यांकन कार्ड

विद्यालय का नाम	प्रधानाचार्य का नाम				
तिथि	स्वच्छता क्षेत्र	हां	नहीं		
परिवेश की स्वच्छता	नियमित झाड़ू पोछा/सफाई होती है	हां	नहीं		
	आवश्यक संख्या में कूड़ेदान का होना	हां	नहीं	आवश्यकता	
	कहीं खुला कूड़ा/जल का जमाव इत्यादि	हां	नहीं		
	अस्वच्छ जल के निष्कासन का उचित प्रबंध	हां	नहीं		
पेय जल की स्वच्छता	पेय जल उपलब्ध	हां	नहीं	उचित मात्रा में है/नहीं	
	पानी की टंकी/कूलर आदि की सफाई	हां	नहीं	पिछले तीन महीने में/छः महीने में/एक वर्ष में	
	घड़ों की सफाई	हां	नहीं	प्रतिदिन/सप्ताह में एक बार/कभी नहीं	
	पानी निकालने के लिए लम्बे छडदार बर्तन का प्रयोग	हां	नहीं		
भोजन की स्वच्छता	खुले खोमचे वाले आदि तो नहीं खड़े होते	हां	नहीं		
	विद्यार्थी के भोजन पूर्व साबुन/राख से हाथ धोने का प्रबन्ध	हां	नहीं		
	शौचालयों का आवश्यक संख्या में होना	हां	नहीं	विद्यार्थियों व शौचालयों का अनुपात	
मानव-मल निष्कासन	शौचालयों की स्वच्छता/रख रखाव	हां	नहीं	सुधार अपेक्षित	
	शौचालय की स्वच्छता के लिए आवश्यक	हां	नहीं		
	सामग्री फिनायल आदि उपलब्ध शौचालय की मरम्मत	हां	नहीं	आवश्यकता	
	शौचालय की मरम्मत	हां	नहीं	आवश्यकता	
रोगों की रोकथाम	कीटाणु नाशकों का उपलब्ध होना	हां	नहीं	आवश्यकता	
	विद्यार्थियों की डॉक्टरी जांच	हां	नहीं		
	रोगों के कारण अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों की संख्या	हां	नहीं	पिछले तीन महीने में/छः महीने में/एक वर्ष में	
	डीवॉर्मिंग/टीके			पिछले तीन महीने में अनुपस्थिति प्रतिशत	
	विशेष क्षेत्र जिसमें स्वच्छता की आवश्यकता हो	हां	नहीं	पिछले तीन महीने में/छः महीने में/एक वर्ष में	
हस्ताक्षर स्वच्छता निरीक्षक			हस्ताक्षर प्रधानाचार्य		

समूचे विद्यालय की स्वच्छता का मूल्यांकन करने के लिये प्रयोग हो सकता है। यह मूल्यांकन प्रधानाचार्य द्वारा, स्वच्छता निरीक्षक द्वारा या अन्य किसी अधिकारी दारा किया जा सकता है।

unicef

परिकल्पना एवं आलेख: श्रीमती अ. कुकरेती प्रधानाचार्या नवयुग स्कूल, मोती बाग, नई दिल्ली एवं यूनिसेफ, एम्.एन्.आई. ओ.
डिजाइन: द वे एडवरटाइजिंग, नई दिल्ली

नवप्रभात

अंक ३२६ (प्रभात) | ग्वालियर, मंगलवार २७ दिसंबर १९९४ | पृष्ठ ८ मूल्य रु.

कचरा एवं गंदगी ग्वालियर की मुख्य समस्या

राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में बच्चा वैज्ञानिकों का निस्कर्ष

ग्वालियर

क्लीन अप इण्डिया विषय पर एन सी एस टी सी नेटवर्क के लिये साइंस सेंटर ग्वालियर द्वारा आयोजित दो दिवसीय बाल विज्ञान कांग्रेस में ५० बच्चों को श्रेष्ठ बाल वैज्ञानिकों के रुप में जीवांजी विश्वविद्यालय के कुलपति डा. प्रकाशसिंह बिसेन, पूर्व कुलपति डा. कृष्णकांत तिवारी, बिरला मेडीकल इंस्टीट्यूट के निदेशक डा. राजेन्द्र श्रीवास्तव एवं साइंस सेंटर के राज्य सचिव अरुण भार्गव ने प्रशंसा पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किये। पुरस्कार पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन भोपा के सौजन्य से दिये गये बाल विज्ञान कांग्रेस में खण्डवा, दतिया, मुरैना, ग्वालियर, टीकमगढ़, शाजापुर, गुना, भिण्ड, शहडोल, इंदौर, सागर, रायपुर, सिवनी, जबलपुर, राजगढ़, बालाघाट, रीवा, बस्तर, खरगोन, रायगढ़, दुर्ग, दमोह, बिलासपुर, सरगुजा, उज्जैन, बैतूल, मन्दसौर, सयतना शिवपुरी, राजनंदगांव, सीधी एवं महासमुन्द जिलों ने भागीदारी की।

बतया गया कि १७ दिसंबर से आयोजित बाल विज्ञान कांग्रेस में भाग लेने वो सर्वश्रेष्ठ २२ बाल वैज्ञानिकों को चंबल संभाग के कमिश्नर शिवराज सिंह ने चाय पर आमंत्रित किया एवं परिचय प्राप्त किया निर्णायक मण्डल में जीवाजी विश्वविद्यालय एवं कृषि महाविद्यालय के प्रोफेसर डा. के.के. कौल, डा. जगन्नाथ प्रसाद कौशिक, डा. विमला बाई, डा. रविकांत पंडया, डा. के.एन. बंसल, डा. ए.के. तिवारी, डा. ए.के. जैन, डा. एस.एस. दीक्षित, डा. रमाशंकर द्विवेदी, डा. उम्मेद सिंह शामिल थे।

'ग्वालियर में पुरस्कृत बाल वैज्ञानिक शास.क.उ.मा. विद्यालय शिन्दे की छावनी की आरती रावल द्वारा प्रस्तुत शोध पत्र के अनुसार प्रति पीरिवार औसर घरेलू कचरा ७०० ग्राम से अधिक रोज फेंका जाता है उनके अनुसार लगभग ८० टन घरेलू कचरा रोज ग्वालियर में निकलता है। औद्योगिक एवं अस्पतालों का कचरा अतिरिक्त है। ग्वालियर की मुख्य समस्या कचरे का प्रबंधन एवं उसका निष्पादन है। आरती रावल के अनुसार शासन एवं ग्वालियर के नागरिकों को सर्वोच्च महत्व कचरे के प्रबंधन पर देना चाहिये। एक अन्य शोधकर्ता गायत्री गुप्ता एवं साजदा खान के अनुसार शिन्दे की छावनी के नाले के कारण आसपास की बिस्तियों में बड़े पैमाने पर पीने का पानी प्रदूषित हो रहा है। तथा कचरो के ढेर से या नाले में इसके फेंके जाने के कारण डायरिया, हैजा जैसी बिमारियों का प्रकोप बड़े पैमाने पर संभावित है।

गजराजा की शोधकर्ता अश्विनी बजे के अनुसार ७० प्रतिशत बच्चे व्यक्तिगत साफ सफाई का ध्यान नहीं रखते। उधर महासमुन्द के बाल वैज्ञानिक अनीता मोहन्ती एवं सारिका ने राख एवं पानी तथा ग्वारपाटा नामक स्थानीय पौधे से बिजली उत्पादन कर वैज्ञानिकों को आगे शोध का रास्ता दिखाया है। कौरस के बाल वैज्ञानिक राकेश सिंह धाकड़ ने चंबल घाटी के कटाव पर अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया। शाजापुर एवं मंदसौर के बाल वैज्ञानिकों ने पर्यावरण पर स्थानीय समस्याओं का अध्ययन किया।

चुने गये सभी बाल वैज्ञानिक २७ दिसंबर से दिल्ली की राष्ट्रीय कांग्रेस में अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। कु. अनीता मोहंती महासमुन्द, कु. सारिका बिरखेड़े महासमुन्द, कु. निधि उपाध्याय खण्डवा, शुभम नेगी खण्डवा, भूपेन्द्र राठौर शाजापुर, अभिनव तिवारी रीवा, विश्वास बसंत राबजी भाजे मंदसौर, प्रसन्न सोनी खरगौन, प्रदीप अग्रवाल चित्रकूट, काजल सविता ग्वालियर, रोहित झवर शिवपुरी, पंकज शर्मा दतिया, नितिन रायजादा शिवपुरी, मोहम्मद साजिद ग्वालियर, मुक्ता नाकरा ग्वालियर, अश्विनी बजे ग्वालियर, गयत्री गुप्ता

शेष पृष्ठ छः पर

स्वदेश

श्रावण कृष्ण पक्ष १२ संवत् २०५२, युगाब्द ५०९६-९७ ☐ ग्वालियर सोमवार २४ जुलाई, १९९५ ☐ पृष्ठ १० ☐ मूल्य २ रुपये ☐

साइंस सेंटर की बाल विज्ञान परिषदें क्लीन अप स्कूल योजना हाथ में लेंगी

–निज प्रतिनिधि–

ग्वालियर। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की क्लीन अप इंडिया परियोजना के तहत साइंस सेंटर ग्वालियर की बाल विज्ञान परिषदें क्लीन अप स्कूल परियोजना हाथ में लेंगी। जिसकी फोकलथीम क्लीन अप ग्वालियर रहेगी। इस योजना को अन्य जिलों में भी लागू करने का प्रयास किया जाएगा।

साइंस सेंटर की एक विज्ञप्ति के मुताबिक आज यहां हुई ग्वालियर अंचल के स्कूलों के प्राचार्यों एवं प्रधान अध्यापकों की मीटिंग में तय किया गया कि ग्वालिर के सभी स्कूलों में बाल विज्ञान परिषदों का गठन किया जाएगा। बाल विज्ञान परिषदें अपने स्कूल परिसर को साफ सुथरा रखने एवं शुद्ध पीने का पानी स्कूल में उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी उठाएंगी। बाल विज्ञान परिषदों को चलाने की जिम्मेदारी स्वयं बच्चों की होगी। उन्हें सलाह एवं मदद देने के लिए शिक्षक मार्गदर्शक का काम करेंगे। यह बाल विज्ञान परिषदें एनसीएसटीसी नेटवर्क की राष्ट्रीय बाल विज्ञान अकादमी से संबद्ध होंगी। इन्हें राजीव गांधी डायरिया मिशन भी मान्यता प्रदानकरेगा।

शिक्षकों की बैठक में यह भी तय कियागया कि स्कूलों के समय चक्र को इस प्रकार निर्धारित कियाजाएगा ताकि एकपीरियड स्वच्छता कार्यक्रमों के लिए उपलब्ध हो सके। शिक्षकों ने विज्ञान शिक्षा को रुचिकर बनाने के लिए विशेष परियोजना तैयार करने का भी संकल्प लिया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए ग्वालियर के एडीशनल कमिश्नर पुखराज मारू ने सिक्षकों को आव्हान किया कि वे विज्ञान शिक्षा में नवाचारी कार्य करके मध्यप्रदेश में विज्ञान शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रसासन स्कूलों को साफ सुथरा एवं हरा भरा बनाने के लिए पूरा सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक इस बातका प्रयास करें कि ६ से ९ वर्ष के सभी बच्चे स्कोल में दाखिला लें।

इस अवसर पर शिक्षकों को संबोधित करते हुए ग्वालियर के संयुक्त संचालक शिक्षा ए के श्रीवास्तव ने कहा क्लीन अप ग्वालियर स्कूल योजना को लागू किए जाने के लिए विशेष सेल निर्मित की गई है, जो इसका मानीटरिंग भी करेगी। उप संचालक शिक्षाको नोडल आफिसर नियुक्त किया जा रहा है। उन्होंने ग्वालियर के शिक्षकों का आव्हान किया कि राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा तैयार किए गए विज्ञान कार्यक्रमों में विसेष रुचि लें। उन्होंने आशा प्रकट की कि ग्वालियर के बच्चों को अपने शिक्षकों से इस प्रकार का सहयोग मिलेगा कि वे आसाम मेंहोने वाली राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में विशेष उपलब्धि प्राप्त कर सके।

एडीशनल कलेक्टर अमिताभ जैन ने कार्यक्रम मेंजिला प्रशासन का पूरा सहयोग दिलाने का आश्वासन दिया। साइंस सेंटर के राज्य सचिव अरुण भार्गव ने बताया कि तैयारी के लिए शिक्षकों का प्रशिक्षण राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रसिक्षण परिषद करेगी। ग्वालियर क्लीन अप कार्यक्रम के लिए बच्चों को प्रमाण पत्र, पुरस्कार एवं अन्य प्रशिक्षण राजीवगांधी डायरिया मिशन देगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस एवं दूरदर्शन क्विज कार्यक्रम में उन्हीं बच्चों को भाग लेने का मौका मिलेगा जो बालविज्ञान परिषद के माध्यम से विद्यालय स्वच्छता कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रसंसा पत्र दिए जाएंगे। गत दिवस गजरा राजा कन्या उमा विद्यालय में आयोजित इस मीटिंग को जीवाजी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर आर आर दास, कृषि महाविद्यालय के प्रोफेसर उमाशंकर द्विवेदी ने भी संबोधित किया। मीटिंग में उपस्तित अतिथियों एवं शिक्षक समुदाय का स्वागत रमाशंकर दुबे एवं कन्या उमा विद्यालय शिंदे की छावनीकी प्राचार्य श्रीमती संतोष चौधरी ने किया एवं गजराराजा विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती छावड़ा ने आभार व्यक्त किया।

पूरे कार्यक्रम को तैयार करने के लिए एककोर समूह का भी गठन किया गया है। इसमेंआर के पाण्डे प्राचार्य गोरखी उमा विद्याल, एच जी शर्मा जीवाजी राव, श्रीमती संतोष चौधरी प्राचार्या शा क उमा विद्यालय शिंदे की छावनी, जयंत शर्मा प्रधान अध्यापक सिकंदर कंपू, के सी सोलंकी टकसाल विद्यालय, माधुरी शुक्ला बालक मंदिर दानाओली, सत्यवती शुक्ला माध्यमिक विद्यालय थाटीपुर, हरीकृष्ण त्रिपाठी पदमपुर, के एल दीक्षित उटीला, एदल सिंह चौहान श्रीकृष्ण विद्यालय, डा. सी व्ही लघाटे डबरा, डगदीश लाल घपड़ विकास खण्ड अधिकारी मुरार, शैलकुमारी श्रीवास्तव दाल बाजार, माहिनी काकड़े गोरखी, लक्ष्मीलता बेदी जीवाजीगंज, राजेश कस्यप मामा का बाजार, डा. आर. आर. दास जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर, यू एन शहाणे, श्री गहलौत एडी. आईएस, श्रीमती आशा सेह, रमाशंकर दुबे, श्रीमती छावड़ा, गजराजा कन्या उ मा विद्यालय, डा. राजेन्द्र श्रीवास्तव डायरेक्टर बिरला रिसर्च एंड मेडीकल इंस्टीट्यूट, अरुण भार्गव साइंस सेंटर, डा. उमासंकर द्विवेदी कृषि महाविद्यालय डी एस यादव को शामिल किया गया है। कोर समूह की बैठक २४ जुलाई को दोपहर २.३० बजे गोरखी उ मा विद्यालय में आयोजित है। परियोजना के क्रियान्वयन के लिए मार्गदर्शक समिति में पुखराज मारू एडीशनल कमिशनर सूर्यप्रताप सिंह कलेक्टर ग्वालियर, धर्मवीर नगर निगम प्रशासक, अमिताभ जैन एडीशनल कलेक्टर एवं ए के श्रीवास्तव संयुक्त संचालक शिक्षा का नाम स्वीकृति हेतु प्रस्तावित किया गया है।

स्वदेश

तिपदा संवत् २०५२ ☐ युगाब्द ५०९६-९७ ☐ ग्वालियर रविवार १० सितम्बर १९९५ ☐ पृष्ठ ८+४ =१२ ☐ मूल्य २ रुपये ☐ महानगर

साफ-सफाई और स्वास्थ्य पाठ्यक्रम का हिस्सा हो

बाल विज्ञान परिषदों के कोर समूह की बैठक में संयुक्त संचालक श्रीवास्तव

-नगर संवाददाता-

ग्वालियर। संयुक्त संचालक शिक्षा अखिलेश श्रीवास्तव ने कहा है कि विद्यालयों को साफ सुथरा और हरा भरा बनाने में समाज के सभी वर्ग मदद करें। उन्होंने कहा कि साफ सफाई एवं स्वास्थ्य स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा होना चाहिए।

श्रीवास्तव यहां गजराजा कन्या उ.मा. [illegible] विज्ञान परिषदों के कोर समूह की [illegible] को अध्यक्ष पद की आसंदी से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने [illegible] ग्वालियर स्कूल गतिविधि के अंतर्गत शिक्षा को रुचिकर बनाने का अभिनव प्रयोग बिना किसी शासकीय सहायता के चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर यह प्रयोग सफल होता है तो इस मॉडल को राज्य शासन के समक्ष समीक्षा के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने घोषणा की कि इस प्रयोग के दौरान अच्छा कार्य करने वाले शिक्षकों को राज्य शासन भी प्रोत्साहन दे, इसके प्रयास किए जाएंगे।

साइंस सेन्टर के राज्य सचिव अरुण भार्गव ने बताया कि साफ-सफाई के लिए सर्वोत्तम प्रयासों के लिए विद्यालयों को डॉ. सी.व्ही. रमन ट्रॉफी एवं अन्य पुरस्कार दिए जाएंगे तथा कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रशंसा पत्र भी दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में शामिल सभी बच्चों को पीने के पानी की शुद्धता की जांच के लिए वाटर टेस्टिंग किट उपलब्ध कराई जा रही है, इस किट से बच्चे पानी की शुद्धता की जांच कर सकेंगे।

बैठक को संबोधित करते हुए कोर समूह के सदस्य हेमंत शुक्ला, रामशंकर दुबे, हरीशचन्द्र शर्मा ने बताया कि सितम्बर माह में विभिन्न स्कूलों में वैज्ञानिकों और बच्चे आमने-सामने, चमत्कारों की व्याख्या, शिक्षक एवं बाल सेमीनार एवं बाल विज्ञान परिषदों का सम्मेलन आयोजित होंगे। कोर समूह की संयोजिका श्रीमती संतोष चौधरी ने बाल विज्ञान परिषदों के माध्यम से विभिन्न स्कूलों में प्रारंभ किये गये साफ सफाई अभियान की प्रशंसा की।

बैठक को गजराराजा क.उ.मा. विद्यालय की प्राचार्या संतोष छावड़ा, व्याख्याता श्रीमती [illegible] शुक्ला, महिला मण्डल दाना ओली की डॉ. माधुरी शुक्ला, बाल मंदिर मोहन नगर की आरती खेड़कर, क.उ.मा. विद्यालय रेल्वे कॉलोनी की उदय श्रीवास्तव, सनातनधर्म विद्यालय की रक्षा शर्मा, कन्या विद्यालय मुरार की श्रीमती चौहान, माध्यमिक विद्यालय पड़ाव के एदल सिंह चौहान, माध्यमिक विद्यालय सिकंदर कंपू के जयंत शर्मा, उ.मा. विद्यालय मुरार क्र.2 के वी. तिवारी, ने भी संबोधित किया। आभार कोर समूह के सह संयोजक टकसाल विद्यालय के प्राचार्य श्री सोलंकी ने किया। कार्यक्रम का संचालन रामशंकर दुबे ने किया।

नव भारत

मध्यप्रदेश एवं विदर्भ का सर्वाधिक प्रसारित दैनिक: ग्वालियर, भोपाल, जबलपुर, रायपुर, बिलासपुर, इंदौर एवं नागपुर से एक साथ प्रकाशित

टेलीफोन: 343903, 343905, फैक्स: 343904 — ग्वालियर रविवार दिनांक १० सितम्बर १९९५ — नगर संस्करण

स्कूलों को साफ-सुथरा रखने के लिए कार्ययोजना बनी

(नगर संवाददाता)

ग्वालियर. साइंस सेन्टर को बाल विज्ञान परिषदों के समन्वयक शिक्षकों एवं क्लीन-अप ग्वालियर कोर समूह की बैठक गजराराजा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में संयुक्त संचालक अखिलेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई.

बैठक में विभिन्न विद्यालयों में गठित बाल विज्ञान परिषदों के कार्यक्रमों की जानकारी प्रस्तुत की गयी एवं भविष्य की रूपरेखा पर गहन विचार-विमर्श हुआ. बैठक में संयुक्त संचालक श्री श्रीवास्तव ने शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यालयों को साफ-सुथरा एवं हरा-भरा बनाने में समाज के सभी वर्गों को मदद करनी चाहिये. उन्होंने कहा कि साफ-सफाई एवं स्वास्थ्य स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा होना चाहिये.

श्री श्रीवास्तव ने कहा कि क्लीन-अप ग्वालियर स्कूल गतिविधि के अन्तर्गत शिक्षा को रुचिकर बनाने का अभिनव प्रयोग बिना किसी शासकीय सहायता के ग्वालियर में किया जा रहा है. अगर यह प्रयोग सफल होता है तो इस मॉडल को राज्य शासन के समक्ष समीक्षा के लिये प्रस्तुत किया जा सकता है. उन्होंने घोषणा की कि इस प्रयोग के दौरान अच्छा कार्य करने वाले शिक्षकों को राज्य शासन भी प्रोत्साहन दे, इसके लिये वे प्रयास करेंगे.

शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए साइंस सेन्टर के राज्य सचिव अरुण भार्गव ने बताया कि साफ-सफाई के सर्वोत्तम प्रयासों के लिये विद्यालयों को डॉ. सी.व्ही. रमन ट्रॉफी एवं अन्य पुरस्कार दिये जाएंगे. कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रशंसा-पत्र भी दिये जाएंगे. भार्गव ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल सभी विद्यालयों को पीने के पानी की शुद्धता की जाँच के लिये वाटर टेस्टिंग किट उपलब्ध कराई जा रही है. इस किट के द्वारा विद्यालय अपने पीने के पानी एवं आसपास के इलाकों में प्रदाय किये जा रहे पानी की शुद्धता की जाँच कर सकेंगे.

उन्होंने कहा कि शिक्षा देने का तरीका इतना रुचिकर होना चाहिये कि बच्चे स्वेच्छा से स्कूल आना चाहें. शिक्षा को बोझ की तरह बच्चों पर थोपना अनुचित है. शिक्षा बाल केन्द्रित होनी चाहिये. स्कूल में बच्चे को अपनापन लगे, ऐसे प्रयास होने चाहिए. कोर समूह के सदस्य हेमंत शुक्ला, रामशंकर दुबे एवं उप-संभागीय शिक्षा अधीक्षक हरीश चन्द्र शर्मा ने बताया कि सितम्बर माह में विभिन्न स्कूलों में वैज्ञानिक और बच्चे आमने-सामने, चमत्कारों की व्याख्या, शिक्षक एवं बाल सेमिनार तथा बाल विज्ञान परिषदों के सम्मेलन आयोजित होंगे. कोर समूह की संयोजिका श्रीमती संतोष चौधरी ने बाल विज्ञान परिषदों के माध्यम से विभिन्न स्कूलों में प्रारम्भ किये गये साफ-सफाई अभियान की प्रशंसा की. उन्होंने कहा कि यह एक नई बात है कि अब कार्यक्रम में शामिल स्कूलों के बच्चे अपने विद्यालयों की गतिविधियाँ स्वयं तय कर रहे हैं.

बैठक को गजराराजा कन्या उ.मा. विद्यालय की प्राचार्य संतोष छाबड़ा, व्याख्याता श्रीमती कांति शुक्ला, महिला मंडल दानाओली की डॉ. माधुरी शुक्ला, बालक मंदिर मोहन नगर की आरती खड़कर, कन्या उ.मा. विद्यालय रेलवे कॉलोनी की उदय श्रीवास्तव, सनातन धर्म स्कूल की रक्षा शर्मा, कन्या विद्यालय मुरार की श्रीमती चौहान, माध्यमिक विद्यालय पड़ाव के एदल सिंह चौहान, माध्यमिक विद्यालय सिकन्दर कम्पू के जयंत शर्मा, उ.मा. विद्यालय मुरार क्र. दो के वी. तिवारी ने भी सम्बोधित किया.

कृषि महाविद्यालय के डॉ. उमाशंकर द्विवेदी ने बताया कि डायरिया मिशन, भोपाल के सहयोग से आगामी 16 व 17 सितम्बर को कार्यक्रम से जुड़े शिक्षकों के लिये दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है. डॉ. द्विवेदी ने बताया कि सितम्बर माह में कई प्रसिद्ध वैज्ञानिक ग्वालियर के स्कूलों में बच्चों को सम्बोधित करेंगे. जीवाजी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. अविनाश तिवारी ने बताया कि बाल विज्ञान परिषदों के माध्यम से शीघ्र ही 'वेस्ट पेपर की सायक्लिंग' यूनिट स्थापित की जा रही है. इस यूनिट में तैयार कागज को बिक्री के लिये भी जारी किया जायेगा. कार्यक्रम का संचालन रामशंकर दुबे ने एवं आभार प्रदर्शन टकसाल विद्यालय के प्राचार्य श्री सोलंकी ने किया.

अपना नगर स्वच्छ सुंदर कैसे हो ?

नव भारत

प्रशासन जनता की मदद ले सकता है

कभी-कभी नगर निगम द्वारा प्रशासन के दबाव में अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाई जाती है. प्रारम्भ में बहुत जोर-शोर से कार्य प्रारम्भ किया जाता है किन्तु जब नेताओं के स्वार्थ इस मुहिम से टकराते हैं तो सारी प्लानिंग ठण्डे बस्ते में चली जाती है. अभी हाल ही में इस सम्बन्ध में एक अनुकरणीय उदाहरण विधायक भगवानसिंह यादव ने जनता के समक्ष रखा जिसके कारण रॉक्सी पुल से लक्कड़खाना तक का अतिक्रमण जनता ने स्वेच्छा से हटा लिया. इसी प्रकार उनके क्षेत्र में काफी अतिक्रमण का सफाया हो गया है. प्रशासन यदि इसी तरीके से अन्य क्षेत्रों में प्रयास करे तो अतिक्रमण हटाने में जनता की भी मदद ले सकता है. शहर को सुन्दर बनाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी नगर निगम की होती है. किन्तु अक्सर देखा गया है कि वह अपने दायित्व का निर्वाह नहीं कर पाता. सड़क के बीच में दुकानें चल रही हैं, खोमचे वालों के दोनों ओर सड़क और नालियाँ भरी हुई हैं, दुकानदारों ने फुटपाथ पर कब्जा कर लिया है. जगह-जगह सीवर लाइनें चोक हैं. सीवर टैंक ढक्कन के अभाव में साक्षात मौत को निमंत्रण करते दिखते हैं. रोड पर प्रकाश की असंतोषजनक व्यवस्था, सावरकर सरोवर में होने वाली गंदगी और उसमें से उठती हुई बदबू, शहर के मध्य निकली हुई स्वर्णरेखा नाले की गंदगी, बदबू तथा उसके किनारे पर रहने वाले गरीब, लाचार और मजबूर लोग. इनके घरों के आसपास की गंदगी आदि को दूर करने की जिम्मेदारी किसकी है निःसंदेह नगर निगम की. ऐसा नहीं है कि इन समस्याओं से निजात पाने का कोई उपाय नहीं है. उपाय तो है किन्तु आवश्यकता ईमानदारी से प्रयास करने की है. हमारे पार्षद जिन्हें हमने चुनकर इसी सबके लिए भेजा था, किन्तु उनके भी दर्शन चुनाव तक ही नसीब थे. लगता है वो भी वर्तमान दलदल में समा गए.

- कु. पूनम नामदेव
पदमा विद्यालय, लश्कर

नगर-निगम चाहे तो निदान संभव

आपने जो अपना नगर स्वच्छ-सुन्दर कैसा हो? पर चर्चा प्रारम्भ की है, वह स्वागत योग्य है. शहर में कॉलोनियों में जो प्रमुख समस्या है वह मुख्यतः तीन हैं. सीवर, पानी की निकासी की उचित व्यवस्था न होना व सफाई की व्यवस्था न होना.

शहर की कुछ कॉलोनी को छोड़कर बाकी कॉलोनी में यह समस्या विद्यमान है. यदि नगर निगम प्रशासन चाहे तो इन समस्याओं का निराकरण संभव है, लेकिन उनका ध्यान इन जनसमस्याओं की ओर कतई नहीं है. शहर की भोली-भाली जनता नगर निगम का समस्त टैक्स प्रदत्त करने के बाद भी निरीह एवं उत्पीड़ित है. बिजली के खम्बों पर ट्यूब लाइट्स लगी हुई है पर जलती नहीं है. विद्युत संरक्षण का कार्यक्रम जो नगर निगम ने चलाया वह मेन रोड तक ही सीमित होकर रह गया.

- आलोक द्विवेदी
पूर्व संयुक्त सचिव
शहर जिला युवक कांग्रेस (इ) ग्वालियर

स्वच्छता के प्रति जन-जागरण जरूरी



सर्वप्रथम मैं 'नवभारत' परिवार को बधाई प्रेषित करता हूँ कि उन्होंने नगर को स्वच्छ रखने के लिए परिचर्चा आयोजित की है. यह विषय जितना महत्वपूर्ण है उतना ही ज्यादा उपेक्षित रहा है. नगर की स्वच्छता का प्रमुख दायित्व नगर निगम का है और इस क्षेत्र में हुई निगम प्रशासन की लापरवाही इस समस्या का मुख्य कारण भी है परन्तु शहर के नागरिक भी इस समस्या के लिए कम उत्तरदायी नहीं हैं. आम नागरिकों का ऐसा सोचना है कि शहर की स्वच्छता सम्बन्धी कार्य की जिम्मेदारी नगर निगम को सौंपने के बाद उनके लिए कुछ करना शेष नहीं रह जाता, निश्चित ही गलत है. जब तक आम नागरिक स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी को नहीं समझेगा. शहर में सही मायने में स्वच्छता लाना संभव नहीं होगा. हमारे समाज में यह एक आम रवैया देखा गया है कि लोग अधिकारों के लिए खूब संघर्ष करते हैं, किन्तु कर्तव्यों के प्रति उदासीन रहते हैं. यही रवैया भी इस समस्या के लिए जिम्मेदार है. नागरिकों को चाहिए कि वे अपने निवास स्थलों के आसपास स्वच्छता बनाए रखें और निर्धारित स्थान पर ही कूड़ा-करकट फेंकें. अपने घरों से निकलने वाली नालियों की निरन्तर सफाई करें और साथ ही नागरिकों का यह दायित्व भी है कि वे निगम कर्मचारियों पर निगरानी रखें कि वे अपने दायित्वों का निर्वाह ठीक तरह से कर रहे हैं या नहीं.

- शरद पाराशर
नाका चन्द्रवदनी, लश्कर

शहर ने वास्तविक स्वरूप खो दिया

ग्वालियर शहर इस समय अतिक्रमणकारियों की चपेट में है जहाँ जिसे खाली जगह मिली उसी स्थान पर अतिक्रमण कर लिया जिसके कारण ग्वालियर शहर अपने वास्तविक स्वरूप को खोता जा रहा है.

नगर निगम ग्वालियर ने जो अतिक्रमण हटाओ मुहिम शुरू की है उसे बन्द नहीं करना चाहिए. शहर के फुटपाथ, सार्वजनिक पार्कों को खाली कराया जाना चाहिए जिसके कारण पैदल चलने वालों को कोई कठिनाई न हो.

बरसात का मौसम प्रारम्भ होने से पूर्व ही यदि पानी निकासी जिन स्थानों पर होती है उसकी सफाई होती रहे तो सड़कें, गलियाँ तालाब नहीं बनेंगी, नाली के किनारे जिन्होंने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर मकान बना लिए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हटाया जाना चाहिए. शहर में अधिकांश सीवर लाइन बन्द पड़ी है उनकी सफाई हो. टूटी हुई सीवर लाइन ठीक होना आवश्यक है. बरसात के मौसम में बीमारी फैलना स्वाभाविक है, क्योंकि इन दिनों में मच्छरों का प्रकोप एवं शुद्ध जल पीने के लिए नहीं मिलता है.

- सुरेश कुमार शर्मा
पी.जी.वी. कॉलेज के पास
जीवाजीगंज, लश्कर, ग्वालियर

कूड़ा-करकट सफाई की अनूठी योजना!

मैं शहर के कूड़े-करकट की सफाई की अनूठी योजना रखना चाहती हूँ. नगर निगम ऐसी घोषणा करे कि वह शहर का कूड़ा-करकट खरीदेगी. दर बजट के अनुसार कुछ भी हो सकती है. उदाहरण के लिए 50 पैसे प्रति किलो या एक रुपया प्रति किलो. कोई भी व्यक्ति निर्धारित स्थान पर अपने साथ लाया कचरा तुलवाकर नकद पैसे प्राप्त करे, बिल्कुल उसी तरह जैसे एक कबाड़ी की दुकान पर होता है. इससे दो लाभ होंगे. एक तो नगर निगम की कर्मचारियों द्वारा आए दिन होने वाली हड़ताल, कामबन्दी आदि से राहत मिलेगी दूसरा समाज के बेहद गरीब लोगों को मेहनत करके दो रोटी कमाने का मौका मिलेगा और फिर इस इकट्ठे किए गए कूड़े के ढेर को प्रसंस्कृत करके इससे अच्छी खाद बनाकर बेचा जा सकता है जिसे बाग-बगीचों व गमलों में शौकीन हाथों-हाथ खरीदेंगे. गोबर गैस बनाकर ऊर्जा प्राप्त की जा सकती है. लकड़ी, नारियल के छिलकों आदि से बढ़िया कार्बन बनाया जा सकता है. कचरे से धातुएँ अलग करके काफी धन प्राप्त कर सकते हैं. मैं पूरे यकीन से कहती हूँ यदि ऐसा प्रयोग किया जाता है तो नगर निगम नाममात्र के खर्चे में अच्छी तरह कचरे की समस्या हल कर सकता है.

- इन्दु सिंघल
96, नेहरू कॉलोनी ठाटीपुर

अपने घरों के आसपास सफाई का वातावरण बनाएँ

शहर को स्वच्छ तथा सुन्दर बनाने के लिए हम बहुत कुछ कर सकते हैं जैसे हम अपने मोहल्ले में गंदगी न करें तथा जहाँ पर भी गंदगी हो उसे साफ करें. हम अपने घरों का कचरा गलियों में न डालकर कचड़ा डालने के स्थान पर डालें. यह न सोचें कि केवल हमारा घर स्वच्छ रहे व सुन्दर दिखे तथा घर के स्वच्छ रहने से शहर भी स्वच्छ रहेगा, बल्कि ऐसा सोचें कि हमें अपने शहर को भी स्वच्छ व सुन्दर रखना है जब हमारा शहर सुन्दर व स्वच्छ होगा तभी नगरवासी भी स्वच्छ व सुन्दर होंगे.

नगर निगम की 'अतिक्रमण हटाओ' योजना नगरवासियों के लिए बहुत ही हितकारी है. क्योंकि कई लोग ज्यादा जगह घेरने के कारण अपने मकानों व दुकानों को सड़कों तक ले आते हैं जिससे एक्सीडेंट तो होते ही हैं, बल्कि सड़क का सौन्दर्यीकरण भी घटता है. सड़क के छोटे होने की वजह से वाहनों के आवागमन में कठिनाई होती है तथा इससे दुर्घटनाएँ भी बढ़ती हैं.

बरसात के मौसम में सरकारी मशीनें पहले से ही ठीक होनी चाहिए. विद्युत, कुएँ, पम्प आदि पहले से ही ठीक होनी चाहिए, अग्निशमन हेतु जल के मोटे पाइप सड़क पर चालू हालत में रखें जिससे शहर में कहीं भी आग लगने पर फायर ब्रिगेड को तत्काल पानी उपलब्ध हो जाए तथा शहर की सड़कों पर जहाँ भी गड्ढे हों उन्हें बरसात से पहले ही भर दिया जाए जिससे सड़कें बरसात में गलाव न बनें.

- कु. रचना पाठक, बहोड़ापुर

नियम के दायरे में कार्य किए जाएँ

ग्वालियर महानगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने में प्रत्येक नागरिक, सामाजिक संस्थाओं के साथ-साथ स्थानीय समाचार-पत्र का सहयोग होना उतना ही आवश्यक है जितना आम नागरिक का. स्थानीय समाचार-पत्रों को चाहिए कि वे नगर में व्याप्त समस्याओं को उच्च अधिकारियों तक पहुँचाने में नागरिक का सहयोग करें. जिस तरह सौ तालों की एक चाबी वाली कहावत है उसी तरह नगर को स्वच्छ एवं साफ-सुथरा रखने का सिर्फ एक तरीका है और वह यह है कि निगम प्रशासन एवं जिला प्रशासन किसी भी कार्य को करने के लिए पखवाड़ा मनाता है तो उसे बन्द करें. साथ ही नागरिकों के हित में बनाए गए नियम व कायदे-कानून का सही उपयोग करें. मेरे विचार से अगर नियमों के दायरे में किसी समस्या से लड़ा जाए तो समस्या की पराजय सुनिश्चित है. जैसे हाल ही में निगम द्वारा 'अतिक्रमण हटाओ' अभियान का शंखनाद व शुरू किया था जो बन्द हो गया. अतिक्रमण की मुहिम चलाना जरूरी नहीं है बल्कि यह कार्य तो प्रशासन को नित्यक्रियाओं की तरह करना चाहिए. उस अधिकारी के खिलाफ अभियान चलाया जावे जो अपनी कर्त्तव्य से अपना मुँह मोड़ रहा है. जिस तरह नित्य क्रियाएँ मानव जीवन के लिए आवश्यक हैं, उसी प्रकार ग्वालियर के लिए सफाई आवश्यक है. प्रशासन अगर नियमित सफाई पर ध्यान देगा तो समस्या समाप्त हो जाएगी.

- रमेश सिंह भदौरिया
पूजा कॉन्वेंट स्कूल, सिद्धेश्वर नगर, मुरार

नागरिकों व प्रशासन में तालमेल हो

यदि घर को सुव्यवस्थित रूप से सजाया जाए तथा प्रत्येक वस्तु को उचित जगह रखें तो सजावट में चार चाँद लग जाते हैं. यदि इस बात को नगर का विस्तृत रूप से आधार में लें

तो हम देखें कि अपना नगर स्वच्छ तथा सुनियोजित ढंग से बसाया जा सकेगा. इसके लिए नागरिक तथा प्रशासन के बीच परस्पर तालमेल होना चाहिए. नगर के भीतरी क्षेत्र की समस्या जैसे सड़क, बिजली, पानी, सफाई आदि की व्यवस्था जनता द्वारा तथा बाहरी क्षेत्र की व्यवस्था प्रशासन द्वारा निहित होना चाहिए. इसके लिए प्रशासन को चाहिए कि यातायात व्यवस्था के लिए मुख्य सड़कें, वन-वे ट्राफिक हों ताकि दुर्घटनाओं की संभावना कम रहे. सड़क के दोनों तरफ हरे-भरे वृक्ष होना चाहिए जिससे पर्यावरण को बढ़ावा तो मिलेगा ही साथ ही इस बढ़ती जनसंख्या में लोगों को स्वच्छ हवा मिल सकेगी. प्रदूषण भी कम किया जा सकेगा. बस स्टॉप बनाए जाएं ताकि यात्री उचित स्थान से अपने गंतव्य स्थान की ओर जा सके. दुकानों के लिए शॉपिंग कॉम्पलेक्स बनाए जाएं ताकि जगह-जगह लगने वाली अस्थाई दुकानों से नागरिकों को परेशानी न हो. इन्हीं आधार को हम ध्यान में रखेंगे तो हमारा नगर, स्वच्छ तथा व्यवस्थित रूप से स्थापित हो सकेगा.

- छत्रपाल आर्य
अशोक कलोनी, मुरार

शहर की विरासत को बचाना होगा

ग्वालियर नगर गालव ऋषि की तपोभूमि होने के साथ ही साथ ऐतिहासिक विरासत भी है. समय के निरन्तर फेरबदल में हम आज अपने पूर्वजों की विरासत की उपेक्षा कर तिरस्कार कर कर्त्तव्य से विमुख हो रहे हैं.

ग्वालियर नगर सांस्कृतिक धरोहर को उपेक्षापूर्ण रवैये से बचाने के लिए हमें निम्नांकित बिन्दुओं पर पहल करना आवश्यक हो जाता है.

1. नगर में महान व्यक्तियों की प्रतिभाओं के स्थलों को अतिक्रमण व गन्दगी से उबारना होगा तथा समय-समय पर आने वाली तिथियों में सम्मानजनक कार्य आयोजित कर पूर्व महान आत्माओं की प्रतिष्ठा में चार चाँद लगाने होंगे.

2. शहर को आवश्यकता है स्वच्छ एवं सफाई की. इसके लिए आवश्यक हो जाता है कि प्रत्येक नगरवासी सहयोगात्मक भावनाओं से प्रशासन एवं राजनैतिक वर्ग मिलकर हरसंभव तरीके से नगर को स्वच्छ एवं साफ रखने का प्रयास करें. कूड़े-कचरे को नियमित स्थान चुनकर प्रतिदिन गंदगी की सफाई की व्यवस्था की जाए.

3. सड़कों के बीच उफान लेते गटर व आए दिन होती आकस्मिक दुर्घटनाओं पर ध्यान देना होगा. नालों का पानी सड़कों पर न आए, इसके लिए नगर निगम विभाग को स्थाई व्यवस्था कर प्रत्येक सप्ताह नालियों एवं गटर की सफाई करानी चाहिए.

- एस.एन. तिवारी
रामकृष्णपुरी, ग्वालियर

गंदगी में डूबी स्वर्णरेखा नहर

वृहत्तर ग्वालियर नगर के लश्कर उपनगर के मध्य से एक स्वर्णरेखा नहर बहती है. नहर तो यह कभी थी जब उसमें शुद्ध जल प्रवाहित किया जाता था. अब तो यह इतनी गन्दी हो गई है कि उसे स्वर्णरेखा के बजाए नरकरेखा कहना उपयुक्त होगा. शहर की सारी गंदगी, कूड़ा-कचरा उसमें दिखाई पड़ेगा तथा उसमें सभी गंदी नालियाँ और यहाँ तक कहीं-कहीं सीवर लाइनें भी खोल दी गई हैं. पर्यावरण विभाग के अधिकारियों ने उस ओर कभी ध्यान ही नहीं दिया. यह नहर सिंचाई विभाग के अधिकार क्षेत्र में है और नगर निगम उसे कचरा नहर के रूप में इस्तेमाल करता है.

ग्वालियर रियासत के तत्कालीन शासक महाराजा माधवराव सिंधिया ने इसका निर्माण ब्रिटेन में लन्दन की टैम्स नदी की तरह विकसित करने के ख्याल से कराया था. उनका उद्देश्य था कि ग्वालियर की भीषण गर्मी में यह नहर कुछ तापमान कम करेगी, नौका विहार हो सकेगा और पर्यावरण अच्छा रहेगा. नहर के दोनों किनारों पर चार-चार फुट ऊँची दीवार खड़ी कराई थी. उस दीवार को लोगों ने अब तोड़कर उसके किनारे मकान भी बना लिए हैं. उस नहर में हनुमान बाँध से जल प्रवाहित किया जाता था जो नहर की सारी गंदगी बहा ले जाता था जिसका आगे जलालपुर के पास खेतों की सिंचाई के लिए उपयोग किया जाता था.

ग्वालियर रियासत के मध्य भारत राज्य में 1948 के विलय के बाद राजनीतिज्ञों ने हनुमान बाँध तथा उसके 'कैचमेन्ट' क्षेत्र में खेती के लिए पट्टे वितरित करवा दिए और बाँध समाप्त हो गया. नहर में जल प्रवाह बन्द हो गया और केवल शहर की गंदी नालियों का ही पानी बहता रहा. आज भी वही स्थिति है. मानसून की अधिक वर्षा होने पर कभी-कभी बाढ़ भी आ जाती है और किनारे बने कच्चे मकान व झोपड़ियाँ नष्ट हो जाती हैं. नगर में सिल्ट अधिक जमा हो जाने से विशेषकर छप्पर वाले पुल तथा उपनगर ग्वालियर के कुछ भागों में पानी रुक जाता है.

जब श्री मोतीलाल वोरा मुख्यमंत्री थे तब सांसद श्री माधवराव सिंधिया के अनुरोध पर पहली बार नहर को सफाई के लिए 10 लाख रुपए स्वीकृत किए गए, उस धन से बुलडोजरों से कुछ स्थानों पर सिंचाई विभाग ने कूड़ा-कचरा निकाला अवश्य किन्तु कोई स्थाई हल नहीं निकला.

वर्ष 1990-91 में तत्कालीन जल संसाधन मंत्री शीतला सहाय ने नहर के सौन्दर्यीकरण के लिए एक सम्पूर्ण योजना बनाई थी जिसे घोषित किया गया था किन्तु उस दिशा में कोई प्रगति दिखाई नहीं दी. उन्होंने कहा था कि न केवल स्वर्णरेखा की सफाई की जाएगी, अपितु स्वर्णरेखा के कई मील नाले के दोनों किनारों पर सैलानियों के लिए सुरम्य उद्यान तथा नगर में शुद्ध जल प्रवाहित करके उसमें नौका विहार का प्रबन्ध किया जाएगा.

स्वर्णरेखा नहर से संबंधित तीन योजनाएँ श्री सहाय ने तैयार करके शासन से मंजूर कराई थी. उसमें पहली योजना यह थी कि स्वर्ण रेखा नहर को सांक-स्वर्णरेखा नहर का नाम देकर उसमें 60 क्यूसेक जल सिंचाई हेतु छोड़ा जाएगा. इस योजना पर अनुमानित 20 करोड़ रुपए खर्च किए जाने थे. पहले यह जल हनुमान बाँध से आता था किन्तु उसे तोड़ दिए जाने के बाद वहाँ पर खेती होने लगी है तथा सरकार का इतना साहस नहीं था कि उन किसानों को बेदखल कर दिया जाए, इसलिए यह सांक-स्वर्णरेखा नई योजना आवश्यक हो गई थी, किन्तु इस योजना में नगर की गंदी नालियों का पानी तथा कूड़ा-कचरा डालने पर रोक लगाने का कोई प्रावधान नहीं किया गया.

दूसरी योजना इस नहर में गत 8-10 वर्षों से निरन्तर आ रही बाढ़ को रोकने के लिए थी. नहर में से गंदगी तथा सिल्ट की सफाई का प्रश्न था. अभी तक उस पर 10 लाख रुपए खर्च किए जा चुके हैं किन्तु समस्या का कोई हल नहीं निकला. उसका मुख्य कारण है कि नहर में कूड़ा-कचरा भरना निरन्तर जारी है.

तीसरी योजना यह थी कि लक्ष्मीबाई समाधि के निकट बने पुल के गेट पर पानी रोकने के लिए लोहे के गेट लगाए जाएं. इस पर अनुमानतः पौने दो करोड़ रु. व्यय होने थे. यह योजना तत्कालीन संभाग आयुक्त के पास विचाराधीन थी. संभाग आयुक्त श्री अजय शंकर ने इतना अवश्य किया कि मोतीमहल के निकट के बैजाताल का जीर्णोद्धार कराकर उसमें बीच में एक 'प्लेटरिंग मंच' सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए निर्मित करवाया था. योजना यह थी कि स्वर्णरेखा नहर से माने इस बैजाताल से जोड़ा जाना था. पूर्व में यही व्यवस्था थी. इस पानी को लक्ष्मीबाई पुल के निकट पुनः स्वर्ण रेखा में छोड़ना था. बैजाताल के जीर्णोद्धार के बाद उद्घाटन के अवसर पर सिंचाई विभाग ने दो पम्प लगाकर ताल में पानी भर दिया था किन्तु स्वर्णरेखा गंदी होने के कारण उस ताल को उस समय नहीं जोड़ा गया. सांक-स्वर्णरेखा नहर की योजना यदि पूरी हो जाती तो उस ताल से होकर पानी जाना और नौका विहार हो सकता था. इसलिए लक्ष्मीबाई पुल पर गेट लगाने की योजना थी.

-शिवदयाल अष्ठाना

स्वदेश

श्रावण कृष्ण पक्ष १२ संवत् २०५२, युगाब्द ५०९६-९७ ☐ ग्वालियर सोमवार २४ जुलाई, १९९५ ☐ पृष्ठ १० ☐ मूल्य २ रुपये ☐

साइंस सेंटर की बाल विज्ञान परिषदें क्लीन अप स्कूल योजना हाथ में लेंगी

-निज प्रतिनिधि-

ग्वालियर। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की क्लीन अप इंडिया परियोजना के तहत साइंस सेंटर ग्वालियर की बाल विज्ञान परिषदें क्लीन अप स्कूल परियोजना हाथ में लेंगी। जिसकी पोकलथीम, क्लीन अप ग्वालियर रहेगी। इस योजना को अन्य जिलों में भी लागू करने का प्रयास किया जाएगा।

साइंस सेंटर की एक विज्ञप्ति के मुताबिक आज यहां हुई ग्वालियर अंचल के स्कूलों के प्राचार्यों एवं प्रधान अध्यापकों की मीटिंग में तय किया गया कि ग्वालिर के सभी स्कूलों में बाल विज्ञान परिषदों का गठन किया जाएगा। बाल विज्ञान परिषदें अपने स्कूल परिसर को साफ सुथरा रखने एवं शुद्ध पीने का पानी स्कूल में उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी ठठाएंगी। बाल विज्ञान परिषदों को चलाने की जिम्मेदारी स्वयं बच्चों की होगी। उन्हें सलाह एवं मदद देने के लिए शिक्षक मार्गदर्शक का काम करेंगे। यह बाल विज्ञान परिषदें एनसीएसटीसी नेटवर्क की राष्ट्रीय बाल विज्ञान अकादमी से संबद्ध होंगी। इन्हें राजीव गांधी डायरिया मिशन भी मान्यता प्रदानकरेगा।

शिक्षकों की बैठक में यह भी तय कियागया कि स्कूलों के समय चक्र को इस प्रकार निर्धारित कियाजाएगा ताकि एकपीरियड स्वच्छता कार्यक्रमों के लिए उपलब्ध हो सके। शिक्षकों ने विज्ञान शिक्षा को रुचिकर बनाने के लिए विशेष परियोजना तैयार करने का भी संकल्प लिया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए ग्वालियर के एडीशनल कमिश्नर पुखराज मारू ने सिक्षकों को आव्हान किया कि वे विज्ञान शिक्षा में नवाचारी कार्य करके मध्यप्रदेश में विज्ञान शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रसासन स्कूलों को साफ सुथरा एवं हरा भरा बनाने के लिए पूरा सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक इस बातका प्रयास करें कि ६ से ९ वर्ष के सभी बच्चे स्कोल में दाखिला लें।

इस अवसर पर शिक्षकों को संबोधित करते हुए ग्वालियर के संयुक्त संचालक शिक्षा ए के श्रीवास्तव ने कहा क्लीन अप ग्वालियर, स्कूल योजना को लागू किए जाने के लिए विशेष सेल निर्मित की गई है, जो इसका मानीटरिंग भी करेंगी। उप संचालक शिक्षाको नोडल आफिसर नियुक्त किया जा रहा है। उन्होंने ग्वालियर के शिक्षकों का आव्हान किया कि राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा तैयार किए गए विज्ञान कार्यक्रमों में विसेष रुचि लें। उन्होंने आशा प्रकट की कि ग्वालियर के बच्चों को अपने शिक्षकों से इस प्रकार का सहयोग मिलेगा कि वे आसाम मेंहोने वाली राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में विशेष उपलब्धि प्राप्त कर सके।

एडीशनल कलेक्टर अमिताभ जैन ने कार्यक्रम में जिला प्रशासन का पूरा सहयोग दिलाने का आश्वासन दिया। साइंस सेंटर के राज्य सचिव अरुण भार्गव ने बताया कि तैयारी के लिए शिक्षकों का प्रशिक्षण, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रसिक्षण परिषद करेगी। ग्वालियर क्लीन अप कार्यक्रम के लिए बच्चों को प्रमाण पत्र, पुरस्कार एवं अन्य प्रशिक्षण राजीवगांधी डायरिया मिशन देगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस एवं दूरदर्शन क्विज कार्यक्रम में उन्हीं बच्चों को भाग लेने का मौका मिलेगा जो बालविज्ञान परिषद के माध्यम से विद्यालय स्वच्छता कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रसंसा पत्र दिए जाएंगे। गत दिवस गजरा राजा कन्या उमा विद्यालय में आयोजित इस मीटिंग को जीवाजी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर आर आर दास, कृषि महाविद्यालय के प्रोफेसर उमाशंकर द्विवेदी ने भी संबोधित किया। मीटिंग में उपस्तित अतिथियों एवं शिक्षक समुदाय का स्वागत रमाशंकर दुबे एवं कन्या उमा विद्यालय शिंदे की चावनीकी प्राचार्य श्रीमती संतोष चौधरी ने किया एवं गजराराजा विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती छावड़ा ने आभार व्यक्त किय।

पूरे कार्यक्रम को तैयार करने के लिए एककोर समूह का भी गठन किया गया है। इसमेंआर के पाण्डे प्राचार्य गोरखी उमा विद्याल, एच जी शर्मा जीवाजी राव, श्रीमती संतोष चौधरी प्राचार्या शा क उ मा विद्यालय शिंदे की छावनी, जयंत शर्मा प्रधान अध्यापक सिकंदर कंपू, के सी सोलंकी टकसाल विद्यालय, माधुरी शुक्ला बालक मंदिर दानाओली, सत्यवती शुक्ला माध्यमिक विद्यालय थाठीपुर, हरीकृष्ण त्रिपाठी पदमपुर, के एल दीक्षित उटीला, एदल सिंह चौहान श्रीकृष्ण विद्यालय, डा. सी व्ही लघाटे डबरा, डगदीश लाल धूपड़ विकास खण्ड अधिकारी मुरार, शैलकुमारी श्रीवास्तव दाल बाजार, मादिनी काकड़े गोरखी, लक्ष्मीलता बेदी जीवाजीगंज, राजेश कस्यप मामा का बाजार, डा. आर आर दास जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर, यू एन शहाणे, श्री गहलौत एडी. आईएस, श्रीमती आशा सह, रमाशंकर दुबे, श्रीमती छावड़ा, गजरराजा कन्या उ मा विद्यालय, डा. राजेन्द्र श्रीवास्तव डायरेक्टर बिरला रिसर्च एंड मेडीकल इंस्टीट्यूट, अरुण भार्गव साइंस सेंटर, डा. उमासंकर द्विवेदी कृषि महाविद्यालय डी. एस यादव को शामिल किया गया है। कोर समूह की बैठक २४ जुलाई को दोपहर २.३० बजे गोरखी उ मा विद्यालय में आयोजित है। परियोजना के क्रियान्वयन के लिए मार्गदर्शक समिति में पुखराज मारू एडीशनल कमिश्नर सूर्यप्रताप सिंह कलेक्टर ग्वालियर, धर्मवीर नगर निगम प्रशासक, अमिताभ जैन एडीशनल कलेक्टर एवं ए. के. श्रीवास्तव संयुक्त संचालक शिक्षा का नाम स्वीकृति हेतु प्रस्तावित किया गया है।

नवप्रभात

अंक ३२६ (प्रभात) ग्वालियर, मंगलवार २७ दिसंबर १९९४ पृष्ठ ८ मूल्य रु.

कचरा एवं गंदगी ग्वालियर की मुख्य समस्या

राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में बच्चा वैज्ञानिकों का निस्कर्ष

ग्वालियर

क्लीन अप इण्डिया विषय पर एन सी एस टी सी नेटवर्क के लिये साइंस सेंटर ग्वालियर द्वारा आयोजित दो दिवसीय बाल विज्ञान कांग्रेस में ५० बच्चों को श्रेष्ठ बाल वैज्ञानिकों के रुप में जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलपति डा. प्रकाशसिंह बिसेन, पूर्व कुलपति डा. कृष्णकांत तिवारी, बिरला मेडीकल इंस्टीट्यूट के निदेशक डा. राजेन्द्र श्रीवास्तव एवं साइंस सेंटर के राज्य सचिव अरुण भार्गव ने प्रशंसा पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किये। पुरस्कार पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन भोपा के सौजन्य से दिये गये बाल विज्ञान कांग्रेस में खण्डवा, दतिया, मुरैना, ग्वालियर, टीकमगढ़, शाजापुर, गुना, भिण्ड, शहडोल, इंदौर, सागर, रायपुर, सिवनी, जबलपुर, राजगढ़, बालाघाट, रीवा, बस्तर, खरगोन, रायगढ़, दुर्ग, दमोह, बिलासपुर, सरगुजा, उज्जैन, बैतूल, मन्दसौर, सतना शिवपुरी, राजनंदगांव, सीधी एवं महासमुन्द जिलों ने भागीदारी की।

बताया गया कि १७ दिसंबर से आयोजित बाल विज्ञान कांग्रेस में भाग लेने वो सर्वश्रेष्ठ २२ बाल वैज्ञानिकों को चंबल संभाग के कमिश्नर शिवराज सिंह ने चाय पर आमन्त्रित किया एवं परिचय प्राप्त किया निर्णायक मण्डल में शीवाजी विश्वविद्यालय एवं कृषि महाविद्यालय के प्रोफेसर डा. के.के. कौल, डा. जगन्नाथ प्रसाद कौशिक, डा. विमला बाई, डा. रविकांत पंड्या, डा. के.एन. बंसल, डा. ए.के. तिबारी, डा. ए.के. जैन, डा. एस.एस. दीक्षित, डा. उमाशंकर द्विवेदी, डा. उम्मेद सिंह शामिल थे।

ग्वालियर में पुरस्कृत बाल वैज्ञानिक शास.क.उ.मा. विद्यालय शिन्दे की छावनी की भारती रावल द्वारा प्रस्तुत शोध पत्र के अनुसार प्रति परिवार औसर घरेलू कचरा ७०० ग्राम से अधिक रोज फेंका जाता है उनके अनुसार लगभग ८० टन घरेलू कचरा रोज ग्वालियर में निकलता है। औद्योगिक एवं अस्पतालों का कचरा अतिरिक्त है। ग्वालियर की मुख्य समस्या कचरे का प्रबंधन एवं उसका निष्पादन है। भारती रावल के अनुसार शासन एवं ग्वालियर के नागरिकों को सर्वोच्च महत्व कचरे के प्रबंधन पर देना चाहिये। एक अन्य शोधकर्ता गायत्री गुप्ता एवं साजदा खान के अनुसार शिन्दे की छावनी के नाले के कारण आसपास की बिस्तियों में बड़े पैमाने पर पीने का पानी प्रदूषित हो रहा है। तथा कचरो के ढेर से, या नाले में इसके फेंके जाने के कारण डायरिया, हैजा जैसी बिमारियों का प्रकोप बड़े पैमाने पर संभावित है।

गजराजा की शोधकर्ता अश्विनी बजे के अनुसार ७० प्रतिशत बच्चे व्यक्तिगत साफ सफाई का ध्यान नहीं रखते। उधर महासमुन्द के बाल वैज्ञानिक अनीता मौहन्ती एवं सारिका ने राक एवं पानी तथा ग्वारपाठा नामक स्थानीय पौधे से बिजली उत्पादन कर वैज्ञानिकों को आगे शोध का रास्ता दिखाया है। कौरस के बाल वैज्ञानिक राकेश सिंह धाकड़ ने चंबल घाटी के कटाव पर अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया। शाजापुर एवं मंदसौर के बाल वैज्ञानिकों ने पर्यावरण पर स्थानीय समस्याओं का अध्ययन किया।

चुने गये सभी बाल वैज्ञानिक २७ दिसंबर से दिल्ली की राष्ट्रीय कांग्रेस में अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। कु. अनीता मोहंती महासमुन्द, कु. सारिका बिरखेड़े महासमुन्द, कु. निधि उपाध्याय खण्डवा, शुभम नेगी खण्डवा, भूपेन्द्र राठौर शाजापुर, अभिनव तिवारी रीवा, विश्वास बसंत राबजी भाजे मंदसौर, प्रसन्न सोनी खरगौन, प्रदीप अग्रवाल चित्रकूट, काजल सविता ग्वालियर, रोहित झवर शिवपुरी, पंकज शार्मा दतिया, नितिन रायजादा शिवपुरी, मोहम्मद साजिद ग्वालियर, मुक्ता नाकरा ग्वालियर, अश्विनी बजे ग्वालियर, गयत्री गुप्ता

शेष पृष्ठ छः पर

राजीवगांधी स्वच्छता मिशन म. प्र.

द्वारा आयोजित कार्यशाला में

प्रस्तुत

14–15 सितम्बर – 96

प्रस्तुतकर्ता

अरूण भार्गव
राज्य सचिव

कार्यालय
SCIENCE CENTRE GWALIOR (M. P.)
HIG-12, DARPAN COLONY, GWALIOR-474011
✆ 341027, 341395

राजीवगांधी स्वच्छता मिशन म.प्र. के लिये साइन्स सेन्टर ग्वालियर द्वारा प्रस्तावित रणनीति

1. पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम सरपंचों /कम्युनिटी लीडर्स/ का प्रशिक्षण

कन्टेन्टस

शुद्ध पीने के पानी का प्रबंधन /मैनेजमैंट ऑफ सेफ ड्रिंकिंग वाटर/

साफ सफाई

कचरे का प्रबंधन / मैनेजमेन्ट ऑफ वेस्ट डिस्पोजल – वाटर + सालिड वेस्ट/

शौचालय निर्माण /ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम

डायरिया नियंत्रण

जीवन रक्षक घोल की जानकारी

डायरिया/जीवनरक्षक घोल/ब्लीचिंग पावडर संबंधी अंधविश्वासों का स्पष्टीकरण

वर्मीकल्चर प्रशिक्षण

शासन द्वारा उपलब्ध सुविधाओं एवं एजेंसियों की जानकारी स्वच्छता स्वास्थ्य एवं पानी के संदर्भ में

पंचायतों के स्वच्छता पानी आदि संबंधी अधिकार एवं कर्तव्य

जन चेतना में पंचायतों की भागीदारी

स्वच्छता, पर्यावरण स्वास्थ्य पानी आदि संबंधी विभिन्न कानूनों की जानकारी

---

2. महिला पंच/महिला नेतृत्व/दाई/आंगनवाडी/स्वास्थ्य कार्यकर्ता/जनस्वास्थ्य रक्षा/हाईस्कूल के छात्र/छात्राओं को प्रशिक्षण ।

कन्टेन्टस

1. साफ–सफाई
2. शुद्ध पीने का पानी
3. कचरा का प्रबंधन
4. जीवन रक्षक घोल एवं डायरिया नियंत्रण
5. डायरिया जीवन रक्षक घोल ब्लीचिंग पावडर संबंधी एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी अंधविश्वासों का स्पष्टीकरण

6. स्वच्छता स्वास्थ्य एवं पानी के संदर्भ में शासन द्वारा उपलब्ध सुविधाओं एवं एजेंसियों की जानकारी

3. साफ्ट वेयर विकास

वीडियो फिल्म/स्लाइड शो/पोस्टर प्रदर्शनी/खिलौने/लोकगीत/लोकनाटक/लोकप्रिय व्याख्यान/पानी डायरिया प्रश्नोत्तरी इत्यादि ।

4. जागरूकता कार्यक्रम

स्वच्छता कला जत्था का आयोजन
संगोष्ठी बातचीत जनसंपर्क
स्लाइड शो/पोस्टर प्रदर्शनी/फिल्म/निबंध/भाषण/क्विज आदि

5. मीडिया प्रशिक्षण कार्यक्रम

आकाशवाणी एवं समाचार पत्रों के स्थानीय लेखकों पत्रकारों के लिये विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम

6. सर्वेक्षण कार्यक्रम

पानी के स्त्रोतों की जांच
पानी को शुद्ध करने के उपाय
कचरे के स्त्रोत एवं सफाई व्यवस्था
स्वास्थ्य सुविधाऐं,

7. जीवन रक्षक घोल

बनाने का तरीका उपयोग एवं महत्व संबंधित अंधविश्वासों का खात्मा

8. वाटर टेस्टिंग किट

पीने के पानी में बायलोजिकल कन्टेमिनेशन की जांच के लिये सस्ती वाटर टेस्टिंग किट का उत्पादन (उत्पादन मूल्य 10 से 12 रूपये के मध्य प्रति किट संभावित)

9. तकनोलोजी का हस्तान्तरण (सेनिटेशन पार्क)

कचरे के प्रबंधन संबंधी तकनोलोजी का प्रदर्शन एवं हस्तान्तरण के लिये सेनिटेशन पार्क का निर्माण

राइंझ सेंटर (ग्वालियर) मध्यप्रदेश की

क्लीन-अप- म.प्र. बाल विज्ञान परिषद

उद्देश्य :

बच्चों एवं अध्यापकों में वैज्ञानिक सोच, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता, जानकारी को बढ़ावा देने के लिए यह परियोजना प्रस्तावित है । इसके प्रमुख उद्देश्य निम्न होंगे :-

1. बच्चों एवं शिक्षकों में स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए वैज्ञानिक सोच का विकास ।
2. साफ-सफाई के महत्व को समझना ।
3. अपने विद्यालय, मोहल्ले एवं घर को सभी प्रकार की गंदगी से मुक्त रखने का प्रयास ।
4. बच्चों एवं शिक्षकों के माध्यम से समुदाय में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी का विस्तार ।
5. स्वास्थ्य संबंधी अंधविश्वासों की पहचान एवं उनसे मुक्ति के लिए संगठित प्रयास करना ।
6. खेल-खेल में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी का विस्तार करना ।
7. स्कूलों में स्वास्थ्य शिक्षा का विस्तार करना ।
8. पोस्टर/फिल्म/स्लाइड/पुस्तक प्रकाशन सहित सोफ्टवेयर तैयार करना ।
9. प्रतिवर्ष राज्य स्तर पर शिक्षकों एवं बच्चों की स्वास्थ्य एवं स्वच्छता कांग्रेस आयोजित करना ।

संरचना :

आधारभूत ईकाईयाँ :

बाल विज्ञान परिषद की आधारभूत ईकाई स्कूली या मोहल्ले स्तर पर गठित ईकाई होगी ।

स्कूली/मोहल्ला स्तर ईकाई :

* बाल विज्ञान का गठन किसी भी शाला या मोहल्ले में हो सकता है ।
* कम से कम 11 बच्चे मिलकर यह ईकाई बना सकते हैं ।
* आयु 5 वर्ष से 18 वर्ष के बीच होनी चाहिए ।

* परामर्श हेतु शाला समन्वयक (शिक्षक) हों तो अच्छा है ।
* प्रारंभ में बाल संयोजक सदस्यता अभियाना चलायेगा ।
* 11 सदस्य होते ही चुनाव होगा । अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह-सचिव और कोषाध्यक्ष के अलावा कार्यकारिणी में 6 सदस्य चुने जायेंगे ।

जिला/क्षेत्रीय ईकाई :

आधारभूत ईकाईयाँ मिलकर जिला एवं क्षेत्रीय स्तर की ईकाईयों का गठन करेंगे ।

राज्य स्तर ईकाई :

ग्वालियर की उपलब्धि के आधार पर राज्य के अन्य जिलों में भी इस योजना को अपनाया जा सकता है ।

संगठन का स्वरूप :

1. इसकी शाखा का गठन वर्ष में कभी भी हो सकता है, कार्यकाल एक वर्ष तक रहेगा ।

2. पंजीयन शुल्क 3/- रू. जमा करते ही सदस्यता फार्म मिल जाऐगा ।

3. प्रतिमाह 2/- रू. सदस्यता शुल्क के रूप में जमा करना होंगे । [illegible]/- रू. एक साथ जमा कर सालाना सदस्य भी बना जा सकता है ।

4. सदस्यता कभी भी ग्रहण की जा सकती है ।

5. परिषद की माह में एक बैठक आवश्यक है । बैठक शाला भवन, किसी पेड़ की छाया में या खुले मैदान में हो सकती है ।

6. बैठक में माह भर की गतिविधियों का लेखा-जोखा उपलब्धियाँ, कठिनाईयों और आगामी योजनाओं पर विचार किया जा सकता है ।

6. परिषद की बैठक बुलाने का अधिकार शाखा समन्वयक और बाल अध्यक्ष को है ।

7. अध्यक्ष की अनुपरिग्थिति में उपाध्यक्ष बैठक आमंत्रित कर उनकी अध्यक्षता वा सकता है ।

8. सचिव बैठक की कार्यवाही और परिषद की गतिविधियों का रिकार्ड रखेंगे ।
9. सह-सचिव सहायता करेंगे। अनुपस्थिति की हालत में सचिव का कार्य देखेंगे ।
10. कोषाध्यक्ष सदस्यता शुल्क और अन्य प्राप्त राशि का लेखा-जोखा रखेंगे ।
11. 100/- रू. से अधिक राशि एकत्र होने पर पोस्ट ऑफिस या बैंक में खाता खोला जा सकता है ।
12. राशि का उपयोग शाखा समन्वयक की देखरेख में कार्यकारिणी की सहमति से होगा । वार्षिक लेखा साइंस सेंटर को देना होगा ।

13. विशेष कार्यक्रम आयोजित करने के लिए अध्यक्ष अपने अधिकार का प्रयोग कर सकता है । निर्णय की सूचना यथाशीघ्र कार्यकारिणी को दी जाना चाहिये ।

14. शिक्षा विभाग या एनसीएसटीसी विधिवत रूप से गठित बाल विज्ञान परिषद की शाखाओं को मान्यता देगा ।

15. साइंस सेंटर की बैठकों में बाल विज्ञान परिषद के अध्यक्ष और सचिव को विशेष आमंत्रण ।

प्रस्तावित गतिविधियाँ:

1. विद्यालयीन एवं मोहल्लागत स्वच्छता कार्यक्रम चलाना (देखे संलग्न)
2. डायरिया एवं घेघा रोग की जानकारी का विस्तार ।
3. पीने के पानी संबंधी जानकारी ।
4. स्वच्छता, स्वास्थ्य/पानी पर आधारित नाटक/गीत/पोस्टर तैयार करना एवं खेलना ।
5. स्वच्छता, स्वास्थ्य/पानी प्रश्नोत्तरी/निबंध/भाषण प्रतियोगितायें ।
6. स्वच्छता,बाल स्वास्थ्य एवं पर्यावरण अध्ययन परियोजनायें सर्वेक्षण इकाई तैयार करना एवं इसके आधार पर जिला एवं राज्य स्तरीय स्वास्थ्य एवं स्वच्छता कांफ्रेंस आयोजित करना ।2
7. नाटक/गीत लेखन/कार्यशालायें आयोजित करना एवं प्रस्तुतीकरण ।

व्यक्तिगत स्वच्छता कार्ड (विद्यार्थी)

विद्यार्थी का नाम कक्षा

	तिथि	तिथि	तिथि	तिथि	तिथि	तिथि	तिथि	तिथि	तिथि	तिथि
त्वचा की स्वच्छता										
सिर की स्वच्छता										
नाक/कान की स्वच्छता										
आंखों की स्वच्छता										
मुख एवं दांतों की स्वच्छता										
पैरों की स्वच्छता										
नाखूनों की स्वच्छता										
वस्त्रों की स्वच्छता										
अपनी निजी वस्तुओं की स्वच्छता										
शौचालय का उचित प्रयोग										
चप्पल/जूते पहनना										
रूमाल/नैपकिन का प्रयोग										
रोग के कारण अनुपस्थिति (दिन)										
विशेष ध्यान देने योग्य क्षेत्र										
हस्ताक्षर कक्षा अध्यापिका										

यह प्रत्येक विद्यार्थी के लिए रखा जा सकता है। यह मूल्यांकन कोई अध्यापक या बड़ी कक्षा का विद्यार्थी समय समय पर कर सकता है।

कक्षा मूल्यांकन कार्ड

कक्षा अध्यापिका कक्षा

	प्रथम सत्र		द्वितीय सत्र		तृतीय सत्र	
	तिथि स्वच्छ बच्चे की संख्या	स्वच्छता की आवश्यकता	तिथि स्वच्छ बच्चे	स्वच्छता की आवश्यकता	तिथि स्वच्छ बच्चे	स्वच्छता की आवश्यकता
त्वचा की स्वच्छता						
सिर की स्वच्छता						
नाक, कान की स्वच्छता						
आंखों की स्वच्छता						
मुख एवं दांतों की स्वच्छता						
पैरों की स्वच्छता						
नाखूनों की स्वच्छता						
वस्त्रों की स्वच्छता						
अपनी निजी वस्तुओं की स्वच्छता						
शौचालय का उचित प्रयोग						
चप्पल/जूते पहनना						
रूमाल/नैपकिन का प्रयोग						
रोग के कारण अनुपस्थिति						
विशेष ध्यान देने योग्य क्षेत्र						
ह० कक्षा अध्यापिका						

यह प्रत्येक कक्षा अध्यापक अपनी कक्षा की सामूहिक व्यक्तिगत स्वच्छता का आकलन करने के लिए प्रयोग कर सकता है।

स्वदेश

तिपदा संवत् २०५२ ☐ युगाब्द ५०९६-९७ ☐ ग्वालियर रविवार १० सितम्बर १९९५ ☐ पृष्ठ ८+४ =१२ ☐ मूल्य २ रुपये ☐ महानगर

साफ-सफाई और स्वास्थ्य पाठ्यक्रम का हिस्सा हो

बाल विज्ञान परिषदों के कोर समूह की बैठक में संयुक्त संचालक श्रीवास्तव

-नगर संवाददाता-

ग्वालियर। संयुक्त संचालक शिक्षा अखिलेश श्रीवास्तव ने कहा है कि विद्यालयों को साफ सुथरा और हरा भरा बनाने में समाज के सभी वर्ग मदद करें। उन्होंने कहा कि साफ सफाई एवं स्वास्थ्य स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा होना चाहिए।

श्रीवास्तव यहां गजराजा कन्या उ.मा. [illegible] बाल विज्ञान परिषदों के कोर समूह की आयोजित बैठक को अध्यक्ष पद की आसंदी से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने [illegible] ग्वालियर स्कूल गतिविधि के अंतर्गत शिक्षा को रुचिकर बनाने का अभिनव प्रयोग बिना किसी शासकीय सहायता के चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर यह प्रयोग सफल होता है तो इस मॉडल को राज्य शासन के समक्ष समीक्षा के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने घोषणा की कि इस प्रयोग के दौरान अच्छा कार्य करने वाले शिक्षकों को राज्य शासन भी प्रोत्साहन दे, इसके प्रयास किए जाएंगे।

साइंस सेन्टर के राज्य सचिव अरुण भार्गव ने बताया कि साफ-सफाई के लिए सर्वोत्तम प्रयासों के लिए विद्यालयों को डॉ. सी.व्ही. रमन ट्राफी एवं अन्य पुरस्कार दिए जाएंगे तथा कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रशंसा पत्र भी दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में शामिल सभी बच्चों को पीने के पानी की शुद्धता की जांच के लिए वाटर टेस्टिंग किट उपलब्ध कराई जा रही है, इस किट से बच्चे पानी की शुद्धता की जांच कर सकेंगे।

बैठक को संबोधित करते हुए कोर समूह के सदस्य हेमंत शुक्ला, रामशंकर दुबे, हरीशचन्द्र शर्मा ने बताया कि सितम्बर माह में विभिन्न स्कूलों में वैज्ञानिकों और बच्चे आमने-सामने, चमत्कारों की व्याख्या, शिक्षक एवं बाल सेमीनार एवं बाल विज्ञान परिषदों का सम्मेलन आयोजित होंगे। कोर समूह की संयोजिका श्रीमती संतोष चौधरी ने बाल विज्ञान परिषदों के माध्यम से विभिन्न स्कूलों में प्रारंभ किये गये साफ सफाई अभियान की प्रशंसा की।

बैठक को गजराराजा क.उ.मा. विद्यालय की प्राचार्या संतोष छावड़ा, व्याख्याता श्रीमती [illegible] शुक्ला, महिला मण्डल दाना ओली की डॉ. माधुरी शुक्ला, बाल मंदिर मोहन नगर की आरती खेड़कर, क.उ.मा. विद्यालय रेल्वे कॉलोनी की उदय श्रीवास्तव, सनातनधर्म विद्यालय की रक्षा शर्मा, कन्या विद्यालय मुरार की श्रीमती चौहान, माध्यमिक विद्यालय पड़ाव के एदल सिंह चौहान, माध्यमिक विद्यालय सिकंदर कंपू के जयंत शर्मा, उ.मा. विद्यालय मुरार क्र.2 के.वी. तिवारी, ने भी संबोधित किया। आभार कोर समूह के सह संयोजक टकसाल विद्यालय के प्राचार्य श्री सोलंकी ने किया। कार्यक्रम का संचालन रामशंकर दुबे ने किया।

नव भारत

मध्यप्रदेश एवं विदर्भ का सर्वाधिक प्रसारित दैनिक: ग्वालियर, भोपाल, जबलपुर, रायपुर, बिलासपुर, इंदौर एवं नागपुर से एक साथ प्रकाशित

टेलीफोन: 343903, 343905, फैक्स: 343904 — ग्वालियर रविवार दिनांक १० सितम्बर १९९५ — नगर संस्करण

स्कूलों को साफ-सुथरा रखने के लिए कार्ययोजना बनी

(नगर संवाददाता)

ग्वालियर. साइंस सेन्टर की बाल विज्ञान परिषदों के समन्वयक शिक्षकों एवं क्लीन-अप ग्वालियर कोर समूह की बैठक गजराराजा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में संयुक्त संचालक अखिलेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई.

बैठक में विभिन्न विद्यालयों में गठित बाल विज्ञान परिषदों के कार्यक्रमों की जानकारी प्रस्तुत की गयी एवं भविष्य की रूपरेखा पर गहन विचार-विमर्श हुआ. बैठक में संयुक्त संचालक श्री श्रीवास्तव ने शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यालयों को साफ-सुथरा एवं हरा-भरा बनाने में समाज के सभी वर्गों को मदद करनी चाहिये. उन्होंने कहा कि साफ-सफाई एवं स्वास्थ्य स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा होना चाहिये.

श्री श्रीवास्तव ने कहा कि क्लीन-अप ग्वालियर स्कूल गतिविधि के अन्तर्गत शिक्षा को रुचिकर बनाने का अभिनव प्रयोग बिना किसी शासकीय सहायता के ग्वालियर में किया जा रहा है. अगर यह प्रयोग सफल होता है तो इस मॉडल को राज्य शासन के समक्ष समीक्षा के लिये प्रस्तुत किया जा सकता है. उन्होंने घोषणा की कि इस प्रयोग के दौरान अच्छा कार्य करने वाले शिक्षकों को राज्य शासन भी प्रोत्साहन दे, इसके लिये वे प्रयास करेंगे.

शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए साइंस सेन्टर के राज्य सचिव अरुण भार्गव ने बताया कि साफ-सफाई के सर्वोत्तम प्रयासों के लिये विद्यालयों को डॉ. सी.व्ही. रमन ट्रॉफी एवं अन्य पुरस्कार दिये जाएंगे. कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रशंसा-पत्र भी दिये जाएंगे. भार्गव ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल सभी विद्यालयों को पीने के पानी की शुद्धता की जाँच के लिये वाटर टेस्टिंग किट उपलब्ध कराई जा रही है. इस किट के द्वारा विद्यालय अपने पीने के पानी एवं आसपास के इलाकों में प्रदाय किये जा रहे पानी की शुद्धता की जाँच कर सकेंगे.

उन्होंने कहा कि शिक्षा देने का तरीका इतना रुचिकर होना चाहिये कि बच्चे स्वेच्छा से स्कूल आना चाहें. शिक्षा को बोझ की तरह बच्चों पर थोपना अनुचित है. शिक्षा बाल केन्द्रित होनी चाहिये. स्कूल में बच्चे को अपनापन लगे, ऐसे प्रयास होने चाहिए. कोर समूह के सदस्य हेमंत शुक्ला, रामशंकर दुबे एवं उप-संभागीय शिक्षा अधीक्षक हरीश चन्द्र शर्मा ने बताया कि सितम्बर माह में विभिन्न स्कूलों में वैज्ञानिक और बच्चे आमने-सामने, चमत्कारों की व्याख्या, शिक्षक एवं बाल सेमिनार तथा बाल विज्ञान परिषदों के सम्मेलन आयोजित होंगे. कोर समूह की संयोजिका श्रीमती संतोष चौधरी ने बाल विज्ञान परिषदों के माध्यम से विभिन्न स्कूलों में प्रारम्भ किये गये साफ-सफाई अभियान की प्रशंसा की. उन्होंने कहा कि यह एक नई बात है कि अब कार्यक्रम में शामिल स्कूलों के बच्चे अपने विद्यालयों की गतिविधियाँ स्वयं तय कर रहे हैं.

बैठक को गजराराजा कन्या उ.मा. विद्यालय की प्राचार्या संतोष छाबड़ा, व्याख्याता श्रीमती कांति शुक्ला, महिला मंडल दानाओली की डॉ. माधुरी शुक्ला, बालक मंदिर मोहन नगर की आरती खेड़कर, कन्या उ.मा. विद्यालय रेलवे कॉलोनी की उदय श्रीवास्तव, सनातन धर्म स्कूल की रक्षा शर्मा, कन्या विद्यालय मुरार की श्रीमती चौहान, माध्यमिक विद्यालय पड़ाव के एटल सिंह चौहान, माध्यमिक विद्यालय सिकन्दर कम्पू के जयंत शर्मा, उ.मा. विद्यालय मुरार क्र. दो के वी. तिवारी ने भी सम्बोधित किया.

कृषि महाविद्यालय के डॉ. उमाशंकर द्विवेदी ने बताया कि डायरिया मिशन, भोपाल के सहयोग से आगामी 16 व 17 सितम्बर को कार्यक्रम से जुड़े शिक्षकों के लिये दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है. डॉ. द्विवेदी ने बताया कि सितम्बर माह में कई प्रसिद्ध वैज्ञानिक ग्वालियर के स्कूलों में बच्चों को सम्बोधित करेंगे. जीवाजी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. अविनाश तिवारी ने बताया कि बाल विज्ञान परिषदों के माध्यम से शीघ्र ही 'बेस्ट पेपर की सायक्लिंग' यूनिट स्थापित की जा रही है. इस यूनिट में तैयार कागज को बिक्री के लिये भी जारी किया जायेगा. कार्यक्रम का संचालन रामशंकर दुबे ने एवं आभार प्रदर्शन टकसाल विद्यालय के प्राचार्य श्री सोलंकी ने किया.

अपना नगर स्वच्छ सुंदर कैसे हो ?

नव भारत

प्रशासन जनता की मदद ले सकता है

कभी-कभी नगर निगम द्वारा प्रशासन के दबाव में अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाई जाती है. प्रारम्भ में बहुत जोर-शोर से कार्य प्रारम्भ किया जाता है किन्तु जब नेताओं के स्वार्थ इस मुहिम से टकराते हैं तो सारी प्लानिंग ठण्डे बस्ते में चली जाती है. अभी हाल ही में इस सम्बन्ध में एक अनुकरणीय उदाहरण विधायक भगवानसिंह यादव ने जनता के समक्ष रखा जिसके कारण रॉक्सी पुल से लक्कड़खाना तक का अतिक्रमण जनता ने स्वेच्छा से हटा लिया. इसी प्रकार उनके क्षेत्र में काफी अतिक्रमण का सफाया हो गया है. प्रशासन यदि इसी तरीके से अन्य क्षेत्रों में प्रयास करे तो अतिक्रमण हटाने में जनता की भी मदद ले सकता है. शहर को सुन्दर बनाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी नगर निगम की होती है. किन्तु अक्सर देखा गया है कि वह अपने दायित्व का निर्वाह नहीं कर पाता. सड़क के बीच में दुकानें चल रही हैं, खोमचे वालों के दोनों ओर सड़क और नालियाँ भरी हुई हैं, दुकानदारों ने फुटपाथ पर कब्जा कर लिया है. जगह-जगह सीवर लाइनें चोंक हैं. सीवर टैंक ढक्कन के अभाव में साक्षात मौत को निमंत्रण करते दिखते हैं. रोड पर प्रकाश की असंतोषजनक व्यवस्था, सावरकर सरोवर में होने वाली गंदगी और उसमें से उठती हुई बदबू, शहर के मध्य निकली हुई स्वर्णरेखा नाले की गंदगी, बदबू तथा उसके किनारे पर रहने वाले गरीब, लाचार और मजबूर लोग. इनके घरों के आसपास की गंदगी आदि को दूर करने की जिम्मेदारी किसकी है नि:संदेह नगर निगम की. ऐसा नहीं है कि इन समस्याओं से निजात पाने का कोई उपाय नहीं है. उपाय तो है किन्तु आवश्यकता ईमानदारी से प्रयास करने की है. हमारे पार्षद जिन्हें हमने चुनकर इसी सबके लिए भेजा था, किन्तु उनके भी दर्शन चुनाव तक ही नसीब थे. लगता है वो भी वर्तमान दलदल में समा गए.

- कु. पूनम नामदेव
पदमा विद्यालय, लश्कर

नगर-निगम चाहे तो निदान संभव

आपने जो अपना नगर स्वच्छ-सुन्दर कैसा हो ? पर चर्चा प्रारम्भ की है, वह स्वागत योग्य है. शहर में कॉलोनियों में जो प्रमुख समस्या है वह मुख्यत: तीन हैं. सीवर, पानी की निकासी की उचित व्यवस्था न होना व सफाई की व्यवस्था न होना.

शहर की कुछ कॉलोनी को छोड़कर बाकी कॉलोनी में यह समस्या विद्यमान है. यदि नगर निगम प्रशासन चाह तो इन समस्याओं का निराकरण संभव है, लेकिन उनका ध्यान इन जनसमस्याओं की ओर कतई नहीं है. शहर की भोली-भाली जनता नगर निगम का समस्त टैक्स प्रदत्त करने के बाद भी निरीह एव उत्पीड़ित है. बिजली के खम्बों पर ट्यूब लाइट्स लगी हुई है पर जलती नहीं है. विद्युत संरक्षण का कार्यक्रम जो नगर निगम ने चलाया वह मेन रोड तक ही सीमित होकर रह गया.

- आलोक द्विवेदी
पूर्व संयुक्त सचिव
शहर जिला युवक कांग्रेस (इ) ग्वालियर

स्वच्छता के प्रति जन-जागरण जरूरी

सर्वप्रथम मैं 'नवभारत' परिवार को बधाई प्रेषित करता हूँ कि उन्होंने नगर को स्वच्छ रखने के लिए परिचर्चा आयोजित की है. यह विषय जितना महत्वपूर्ण है उतना ही ज्यादा उपेक्षित रहा है. नगर की स्वच्छता का प्रमुख दायित्व नगर निगम का है और इस क्षेत्र में हुई निगम प्रशासन की लापरवाही इस समस्या का मुख्य कारण भी है परन्तु शहर के नागरिक भी इस समस्या के लिए कम उत्तरदायी नहीं हैं. आम नागरिकों का ऐसा सोचना है कि शहर की स्वच्छता सम्बन्धी कार्य की जिम्मेदारी नगर निगम को सौंपने के बाद उनके लिए कुछ करना शेष नहीं रह जाता, निश्चित ही गलत है. जब तक आम नागरिक स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी को नहीं समझेगा. शहर में सही मायने में स्वच्छता लाना संभव नहीं होगा. हमारे समाज में यह एक आम रवैया देखा गया है कि लोग अधिकारों के लिए खूब संघर्ष करते हैं, किन्तु कर्त्तव्यों के प्रति उदासीन रहते हैं. यही रवैया भी इस समस्या के लिए जिम्मेदार है. नागरिकों को चाहिए कि वे अपने निवास स्थलों के आसपास स्वच्छता बनाए रखें और निर्धारित स्थान पर ही कूड़ा-करकट फैंकें. अपने घरों से निकलने वाली नालियों की निरन्तर सफाई करें और साथ ही नागरिकों का यह दायित्व भी है कि वे निगम कर्मचारियों पर निगरानी रखे कि वे अपने दायित्वों का निर्वाह ठीक तरह से कर रहे हैं या नहीं.

- शरद पाराशर
नाका चन्द्रवदनी, लश्कर

शहर ने वास्तविक स्वरूप खो दिया

ग्वालियर शहर इस समय अतिक्रमणकारियों की चपेट में है जहाँ जिसे खाली जगह मिली उसी स्थान पर अतिक्रमण कर लिया जिसके कारण ग्वालियर शहर अपने वास्तविक स्वरूप को खोता जा रहा है.

नगर निगम ग्वालियर ने जो अतिक्रमण हटाओ मुहिम शुरू की है उसे बन्द नहीं करना चाहिए. शहर के फुटपाथ, सार्वजनिक पार्कों को खाली कराया जाना चाहिए जिसके कारण पैदल चलने वालों को कोई कठिनाई न हो.

बरसात का मौसम प्रारम्भ होने से पूर्व ही यदि पानी निकासी जिन स्थानों पर होती है उसकी सफाई होती रहे तो सड़कें, गलियाँ तालाब नहीं बनेंगी, नाली के किनारे जिन्होंने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर मकान बना लिए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हटाया जाना चाहिए. शहर में अधिकांश सीवर लाइन बन्द पड़ी हैं उनकी सफाई हो. टूटी हुई सीवर लाइन ठीक होना आवश्यक है. बरसात के मौसम में बीमारी फैलना स्वाभाविक है, क्योंकि इन दिनों में मच्छरों का प्रकोप एवं शुद्ध जल पीने के लिए नहीं मिलता है.

- सुरेश कुमार शर्मा
पी.जी.व्ही. कॉलेज के पास
जीवाजीगंज, लश्कर, ग्वालियर

कूड़ा-करकट सफाई की अनूठी योजना!

मैं शहर के कूड़े-करकट की सफाई की अनूठी योजना रखना चाहती हूँ. नगर निगम ऐसी घोषणा करे कि वह शहर का कूड़ा-करकट खरीदेगी. दर बजट के अनुसार कुछ भी हो सकती है. उदाहरण के लिए 50 पैसे प्रति किलो या एक रुपया प्रति किलो. कोई भी व्यक्ति निर्धारित स्थान पर अपने साथ लाया कचरा तुलवाकर नकद पैसे प्राप्त करे, बिल्कुल उसी तरह जैसे एक कबाड़ी की दुकान पर होता है. इससे दो लाभ होंगे. एक तो नगर निगम को कर्मचारियों द्वारा आए दिन होने वाली हड़ताल, कामबन्दी आदि से राहत मिलेगी दूसरा समाज के बेहद गरीब लोगों को मेहनत करके दो रोटी कमाने का मौका मिलेगा और फिर इस इकट्ठे किए गए कूड़े के ढेर को प्रसंस्कृत करके इससे अच्छी खाद बनाकर बेचा जा सकता है जिसे बाग-बगीचों व गमलों में शौकीन हाथों-हाथ खरीदेंगे. गोबर गैस बनाकर ऊर्जा प्राप्त की जा सकती है. लकड़ी, नारियल के छिलकों आदि से बढ़िया कार्बन बनाया जा सकता है. कचरे से धातुएँ अलग करके काफी धन प्राप्त कर सकते हैं. मैं पूरे यकीन से कहती हूँ यदि ऐसा प्रयोग किया जाता है तो नगर निगम नाममात्र के खर्चे में अच्छी तरह कचरे की समस्या हल कर सकता है.

- इन्दु सिंघल
96, नेहरू कॉलोनी ठाटीपुर

अपने घरों के आसपास सफाई का वातावरण बनाएँ

शहर को स्वच्छ तथा सुन्दर बनाने के लिए हम बहुत कुछ कर सकते हैं जैसे हम अपने मोहल्ले में गंदगी न करें तथा जहाँ पर भी गंदगी हो उसे साफ करें. हम अपने घरों का कचरा गलियों में न डालकर कचड़ा डालने के स्थान पर डालें. यह न सोचें कि केवल हमारा घर स्वच्छ रहे व सुन्दर दिखे तथा घर के स्वच्छ रहने से शहर भी स्वच्छ रहेगा, बल्कि ऐसा सोचें कि हमें अपने शहर को भी स्वच्छ व सुन्दर रखना है जब हमारा शहर सुन्दर व स्वच्छ होगा तभी नगरवासी भी स्वच्छ व सुन्दर होंगे.

नगर निगम की 'अतिक्रमण हटाओ' योजना नगरवासियों के लिए बहुत ही हितकारी है. क्योंकि कई लोग ज्यादा जगह घेरने के कारण अपने मकानों व दुकानों को सड़कों तक ले आते हैं जिससे एक्सीडेंट तो होते ही हैं, बल्कि सड़क का सौन्दर्यीकरण भी घटता है. सड़क के छोटे होने की वजह से वाहनों के आवागमन में कठिनाई होती है तथा इससे दुर्घटनाएँ भी बढ़ती हैं.

बरसात के मौसम में सरकारी मशीनें पहले से ही ठीक होनी चाहिए. विद्युत, कुएँ, पम्प आदि पहले से ही ठीक होना चाहिए, अग्निशमन हेतु जल के मोटे पाइप सड़क पर चालू हालत में रखें जिससे शहर में कहीं भी आग लगने पर फायर बिग्रेड को तत्काल पानी उपलब्ध हो जाए तथा शहर की सड़कों पर जहाँ भी गड्ढे हों उन्हें बरसात से पहले ही भर दिया जाए जिससे सड़कें बरसात में तालाब न बनें.

- कु. रचना पाठक, बहोड़ापुर

गंदगी में डूबी स्वर्णरेखा नहर

वृहत्तर ग्वालियर नगर के लश्कर उपनगर के मध्य से एक स्वर्णरेखा नहर बहती है. नहर तो यह कभी थी जब उसमें शुद्ध जल प्रवाहित किया जाता था. अब तो वह इतनी गन्दी हो गई है कि उसे स्वर्णरेखा के बजाए नरकरेखा कहना उपयुक्त होगा. शहर की सारी गंदगी, कूड़ा-कचरा उसमें दिखाई पड़ेगा तथा उसमें सभी गंदी नालियों और यहाँ तक कहीं-कहीं सीवर लाइनें भी खोल दी गई हैं. पर्यावरण विभाग के अधिकारियों ने उस ओर कभी ध्यान ही नहीं दिया. यह नहर सिंचाई विभाग के अधिकार क्षेत्र में है और नगर निगम उसे कचरा नहर के रूप में इस्तेमाल करता है.

ग्वालियर रियासत के तत्कालीन शासक महाराजा माधवराव सिंधिया ने उसका निर्माण ब्रिटेन में लन्दन की टेम्स नदी की तरह विकसित करने के ख्याल से कराया था. उनका उद्देश्य था कि ग्वालियर की भीषण गर्मी में यह [illegible] कुछ तापमान कम करेगी, नौका विहार हो सकेगा और पर्यावरण अच्छा रहेगा. नहर के दोनों किनारों पर चार-चार फुट ऊँची दीवार खड़ी कराई थी. उस दीवार को लोगों ने अब तोड़कर उसके किनारे मकान भी बना लिए हैं. उस नहर में हनुमान बाँध से जल प्रवाहित किया जाता था जो नहर की सारी गंदगी बहा ले जाता था जिसका आगे जलालपुर के पास खेतों की सिंचाई के लिए उपयोग किया जाता था.

ग्वालियर रियासत के मध्य भारत राज्य में 1948 के विलय के बाद राजनीतिज्ञों ने हनुमान बाँध तथा उसके 'कैचमेन्ट' क्षेत्र में खेती के लिए पट्टे वितरित करवा दिए और बाँध समाप्त हो गया. नहर में जल प्रवाह बन्द हो गया और केवल शहर की गंदी नालियों का ही पानी बहता रहा. आज भी वही स्थिति है. मानसून की अधिक वर्षा होने पर कभी-कभी बाढ़ भी आ जाती है और किनारे बने कच्चे मकान व झोपड़ियाँ नष्ट हो जाती हैं. नगर में सिल्ट अधिक जमा हो जाने से विशेषकर छप्पर वाले पुल तथा उपनगर ग्वालियर के कुछ भागों में पानी रुक जाता है.

जब श्री मोतीलाल वोरा मुख्यमंत्री थे तब सांसद श्री माधवराव सिंधिया के अनुरोध पर पहली बार नहर की सफाई के लिए 10 लाख रुपए स्वीकृत किए गए. उस धन से बुलडोजरों से कुछ स्थानों पर सिंचाई विभाग ने कूड़ा-कचरा निकाला अवश्य किन्तु कोई स्थाई हल नहीं निकला.

वर्ष 1990-91 में तत्कालीन जल संसाधन मंत्री शीतला सहाय ने नगर के सौन्दर्यीकरण के लिए एक सम्पूर्ण योजना बनाई थी जिसे घोषित किया गया था किन्तु उस दिशा में कोई प्रगति दिखाई नहीं दी. उन्होंने कहा था कि न केवल स्वर्णरेखा की सफाई की जाएगी, अपितु स्वर्णरेखा के कई मील नाले के दोनों किनारों पर सैलानियों के लिए सुरम्य उद्यान तथा नगर में शुद्ध जल प्रवाहित करके उसमें नौका विहार का प्रबन्ध किया जाएगा.

स्वर्णरेखा नहर से संबंधित तीन योजनाएं श्री सहाय ने तैयार करके शासन से मंजूर कराई थी. उसमें पहली योजना यह थी कि स्वर्ण रेखा नहर को सांक-स्वर्णरेखा नहर का नाम देकर उसमें 60 क्यूसेक जल सिंचाई हेतु छोड़ा जाएगा. इस योजना पर अनुमानित 20 करोड़ रुपए खर्च किए जाने थे. पहले यह जल हनुमान बाँध से आता था किन्तु उसे तोड़ दिए जाने के बाद वहाँ पर खेती होने लगी है तथा सरकार का इतना साहस नहीं था कि उन किसानों को बेदखल कर दिया जाए, इसलिए यह सांक-स्वर्णरेखा नई योजना आवश्यक हो गई थी. किन्तु इस योजना में नगर की गंदी नालियों का पानी तथा कूड़ा-कचरा डालने पर रोक लगाने का कोई प्रावधान नहीं किया गया.

दूसरी योजना इस नहर में गत 8-10 वर्षों से निरन्तर आ रही बाढ़ को रोकने के लिए थी. नहर में से गंदगी तथा सिल्ट की सफाई का प्रश्न था. अभी तक उस पर 10 लाख रुपए खर्च किए जा चुके हैं किन्तु समस्या का कोई हल नहीं निकला. उसका मुख्य कारण है कि नहर में कूड़ा-कचरा भरना निरन्तर जारी है.

तीसरी योजना यह थी कि लक्ष्मीबाई समाधि के निकट बने पुल के गेट पर पानी रोकने के लिए लोहे के गेट लगाए जाएं. इस पर अनुमानत: पौने दो करोड़ रु. व्यय होने थे. यह योजना तत्कालीन संभाग आयुक्त के पास विचाराधीन थी. संभाग आयुक्त श्री अजय शंकर ने इतना अवश्य किया कि मोतीमहल के निकट के बैजाताल का जीर्णोद्धार कराकर उसमें बीच में एक 'फ्लोरिंग मंच' सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए निर्मित करवाया था. योजना यह थी कि स्वर्णरेखा नहर से पानी इस बैजाताल से होकर जाना था. पूर्व में यही व्यवस्था थी. इस पानी को लक्ष्मीबाई पुल के निकट पुन: स्वर्ण रेखा में छोड़ना था. बैजाताल के जीर्णोद्धार के बाद उद्घाटन के अवसर पर सिंचाई विभाग ने दो पम्प लगाकर ताल में पानी भर दिया था किन्तु स्वर्णरेखा गंदी होने के कारण उस ताल को उस समय नहीं जोड़ा गया. सांक-स्वर्णरेखा नहर की योजना यदि पूरी हो जाती तो उस ताल से होकर पानी जाना और नौका विहार हो सकता था. इसलिए लक्ष्मीबाई पुल पर गेट लगाने की योजना थी.

-शिवदयाल अष्ठाना

नियम के दायरे में कार्य किए जाएँ



ग्वालियर महानगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने में प्रत्येक नागरिक, सामाजिक संस्थाओं के साथ-साथ स्थानीय समाचार-पत्र का सहयोग होना उतना ही आवश्यक है जितना आम नागरिक का. स्थानीय समाचार-पत्रों को चाहिए कि वे नगर में व्याप्त समस्याओं को उच्च अधिकारियों तक पहुँचाने में नागरिक का सहयोग करें. जिस तरह सौ तालों की एक चाबी वाली कहावत है उसी तरह नगर को स्वच्छ एवं साफ-सुथरा रखने का सिर्फ एक तरीका है और वह यह है कि निगम प्रशासन एवं जिला प्रशासन किसी भी कार्य को करने के लिए पखवाड़ा मनाता है तो उसे बन्द करें. साथ ही नागरिकों के हित में बनाए गए नियम व कायदे-कानून का सही उपयोग करें. मेरे विचार से अगर नियमों के दायरे में किसी समस्या से लड़ा जाए तो समस्या की पराजय सुनिश्चित है. जैसे हाल ही में निगम द्वारा 'अतिक्रमण हटाओ' अभियान का शंखनाद व शुरू किया था जो बन्द हो गया. अतिक्रमण की मुहिम चलाना जरूरी नहीं है बल्कि यह कार्य तो प्रशासन को नित्यक्रियाओं की तरह करना चाहिए. उस अधिकारी के खिलाफ अभियान चलाया जावे जो अपनी कर्त्तव्य से अपना मुँह मोड़ रहा है. जिस तरह नित्य क्रियाएँ मानव जीवन के लिए आवश्यक हैं, उसी प्रकार ग्वालियर के लिए सफाई आवश्यक है. प्रशासन अगर नियमित सफाई पर ध्यान देगा तो समस्या समाप्त हो जाएगी.

- रमेश सिंह भदौरिया
पूजा कॉन्वेंट स्कूल, सिद्धेश्वर नगर, मुरार

नागरिकों व प्रशासन में तालमेल हो

यदि घर को सुव्यवस्थित रूप से सजाया जाए तथा प्रत्येक वस्तु को उचित जगह रखें तो सजावट में चार चाँद लग जाते हैं. यदि इस बात को नगर का विस्तृत रूप से आधार में लें

तो हम देखें कि अपना नगर स्वच्छ तथा सुनियोजित ढंग से बसाया जा सकेगा. इसके लिए नागरिक तथा प्रशासन के बीच परस्पर तालमेल होना चाहिए. नगर के भीतरी क्षेत्र की समस्या जैसे सड़क, बिजली, पानी, सफाई आदि की व्यवस्था जनता द्वारा तथा बाहरी क्षेत्र की व्यवस्था प्रशासन द्वारा निहित होना चाहिए. इसके लिए प्रशासन को चाहिए कि यातायात व्यवस्था के लिए मुख्य सड़कें, वन-वे ट्राफिक हों ताकि दुर्घटनाओं की संभावना कम रहे. सड़क के दोनों तरफ हरे-भरे वृक्ष होना चाहिए जिससे पर्यावरण को बढ़ावा तो मिलेगा ही साथ ही इस बढ़ती जनसंख्या में लोगों को स्वच्छ हवा मिल सकेगी. प्रदूषण भी कम किया जा सकेगा. बस स्टॉप बनाए जाएं ताकि यात्री उचित स्थान से अपने गंतव्य स्थान की ओर जा सके. दुकानों के लिए शॉपिंग कॉम्पलेक्स बनाए जाएं ताकि जगह-जगह लगने वाली अस्थाई दुकानों से नागरिकों को परेशानी न हो. इन्हीं आधार को हम ध्यान में रखेंगे तो हमारा नगर, स्वच्छ तथा व्यवस्थित रूप से स्थापित हो सकेगा.

- छत्रपाल आर्य
अशोक कलोनी, मुरार

शहर की विरासत को बचाना होगा



ग्वालियर नगर गालव ऋषि की तपोभूमि होने के साथ ही साथ ऐतिहासिक विरासत भी है. समय के निरन्तर फेरबदल में हम आज अपने पूर्वजों की विरासत की उपेक्षा कर तिरस्कार कर कर्तव्य से विमुख हो रहे हैं.

ग्वालियर नगर सांस्कृतिक धरोहर को उपेक्षापूर्ण रवैये से बचाने के लिए हमें निम्नांकित बिन्दुओं पर पहल करना आवश्यक हो जाता है.

1. नगर में महान व्यक्तियों की प्रतिभाओं के स्थलों को अतिक्रमण व गन्दगी से उबारना होगा तथा समय-समय पर आने वाली तिथियों में सम्मानजनक कार्य आयोजित कर पूर्व महान आत्माओं की प्रतिष्ठा में चार चाँद लगाने होंगे.

2. शहर को आवश्यकता है स्वच्छ एवं सफाई की. इसके लिए आवश्यक हो जाता है कि प्रत्येक नगरवासी सहयोगात्मक भावनाओं से प्रशासन एवं राजनैतिक वर्ग मिलकर हरसंभव तरीके से नगर को स्वच्छ एवं साफ रखने का प्रयास करें. कूड़े-कचरे को नियमित स्थान चुनकर प्रत्येक दिन गंदगी की सफाई की व्यवस्था की जाए.

3. सड़कों के बीच उफान लेते गटर व आए दिन होती आकास्मिक दुर्घटनाओं पर ध्यान देना होगा. नालों का पानी सड़कों पर न आए, इसके लिए नगर निगम विभाग को स्थाई व्यवस्था कर प्रत्येक सप्ताह नालियों एवं गटर की सफाई करानी चाहिए.

- एस.एन. तिवारी
रामकृष्णपुरी, ग्वालियर

WATSAN : LOOKING TO THE FUTURE

UNICEF will address the Year 2000 goals through four major strategies - Disparity Reduction (including Gender), Decentralization, Sustainability ; and Integration at Community Level with other Social Inputs.

Activities for Rural Communities will focus on

Sustainable Drinking Water Supply through community management of drinking water sources

Protection of Drinking Water through correct well construction and adequate drainage around water points; and at household level, through effective communication and motivation strategies

Environmental Protection and Management by monitoring degradation of ground water sources and through promotion of watershed management.

Alternate Delivery System for Sanitation by phasing out from direct subsidy and by encouraging private initiative to construct sanitary facilities.

Hygiene Education to people to bring about behavioral changes, through development of communication strategies

Involvement of Schools and Anganwadis by using them as channels of communication for creating awarenesss in the parents and the community.

Working through Panchayat Institutions for awareness generation, community mobilization and motivation.

Mainstreaming Gender Issues into the programme through greater participation of women in planning and decision making and through transfer of skills.

Guineaworm surveillance by monitoring the case containment strategy so as to secure zero guineaworm cases by 1997.

unicef
United Nations Children's Fund
Water & Environmental Sanitation Section
INDIA COUNTRY OFFICE
73 Lodi Estate, New Delhi-110 003
INDIA

unicef 50
1946 - 1996

CHILD SURVIVAL & DEVELOPMENT

THE WATSAN 2000 GOALS

1996 is UNICEF's 50th year of service to the children of this world. During this year, UNICEF recommits itself to the promises made to the children during the World Summit held in 1990.

The World Summit for Children identified a set of global goals for radically improving the lives of children, women and families by the year 2000. India, a signatory to the Summit Declaration, reaffirmed her commitment to the cause of children in the country by laying down a set of goals to be reached by the year 2000. These goals form a part of India's National Plan of Action - A COMMITMENT TO THE CHILD.

The **Water and Sanitation** goals for India are

- Universal access to safe drinking water and improved access to sanitary means of excreta disposal.
- Eradication of guineaworm disease.

खोज के लिए विज्ञान

साइन्स सेन्टर ग्वालियर की बाल विज्ञान परिषद

"क्लीन अप ग्वालियर स्कूलस्"
CLEAN UP GWALIOR SCHOOLS

समर्थन

राजीव गाँधी डायरिया नियन्त्रण मिशन, भोपाल
राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद

सचिवालय

गोरखी माध्यमिक विद्यालय
क्रमांक १, लश्कर

कार्यालय— H–12, दर्पण कालोनी ग्वालियर–474011

क्लीन अप ग्वालियर स्कूलस्
विज्ञान गतिविधि

साइन्स सेन्टर ग्वालियर ने ग्वालियर के स्कूलों के लिये "क्लीन अप ग्वालियर विज्ञान गतिविधि" प्रारम्भ की है। इसके अन्तर्गत विभिन्न विद्यालयों में बाल विज्ञान परिषदों का गठन कर निम्न गतिविधियां हाथ में ली गई है :—

१. विज्ञान शिक्षा को रुचिकर बनाने के विभिन्न प्रयोग,
२. प्रत्येक विद्यालय में बाल विज्ञान परिषद का गठन,
३. स्कूल की साफ-सफाई के लिये विशेष अभियान,
४. व्यक्तिगत स्वच्छता कार्यक्रम,
५. सामुदायिक एवं मौहल्ला स्वच्छता कार्यक्रम,
६. पीने के शुद्ध पानी का प्रत्येक स्कूल में इन्तजाम।

विज्ञान शिक्षा को रुचिकर बनाने के प्रयास

बाल विज्ञान परिषदें इसके लिये साइन्स क्विज, ओरिगेमी, नाटक, गीत, वैज्ञानिक खिलौने, वैज्ञानिक प्रयोग, वैज्ञानिक और बच्चे आमने-सामने जैसे कार्यक्रमों का उपयोग करेगी।

(अ) **क्रियान्वयन**—उपरोक्त कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिये ग्वालियर के विद्यालयों की बैठक २९ जुलाई ९५ को आयोजित की गई। इसमें १०५ विद्यालयों ने भाग लिया।

(ब) कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिये उ०मा० विद्यालयों के प्राचार्यों एवं प्राथमिक तथा माध्यमिक विद्यालयों के प्रधान अध्यापकों, वरिष्ठ वैज्ञानिकों का कोर समूह गठित किया गया है। कोर समूह के अध्यक्ष संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग ग्वालियर को चुना गया है। कोर समूह की बैठक की कलेक्ट ग्वालियर भी संबोधित कर चुके हैं। कोर समूह ने उपरोक्त कार्यक्रमों के अतिरिक्त स्कूलों को अतिक्रमण से मुक्त कराने का भी संकल्प लिया है।

(स) प्रत्येक विद्यालय ने अपने टाईम टेबल को इस प्रकार पुर्न-गठित किया है कि प्रत्येक कक्षा को सप्ताह में दो या तीन दिन सफाई पीरियड के रूप में मिल सके। इसके अतिरिक्त बाल सभाओं एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों का इस्तेमाल क्लीन अप के साथ विज्ञान शिक्षा को रुचिकर बनाने के लिये किया जा सके।

(द) परियोजना के लिये नामांकित शिक्षकों का प्रशिक्षण राजीव गांधी डायरिया नियन्त्रण मिशन भोपाल आयोजित कर रहा है। साइन्स सेन्टर पानी की शुद्धता की जांच के लिए वाटर टेस्टिंग किट उपलब्ध करायेगा।

गतिविधियां

क्लीन-अप-ग्वालियर सम्मेलन :

क्लीन-अप-ग्वालियर का विज्ञान उत्सव :

– विज्ञान गीत, विज्ञान लोकगीत, नाटक, चित्रकला, वाद-विवाद क्विज आदि अन्तर्विद्यालयीन प्रतियोगिताएँ।
—कला जत्था कार्यक्रम।
—सर्वेक्षण कार्यक्रम
—पानी की शुद्धता की जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम।
—सर्वोत्तम क्लब, सर्वोत्तम मोहल्ले व सर्वोत्तम बच्चे, सर्वोत्तम शिक्षकों को सम्मान।
—क्लीन-अप-ग्वालियर विज्ञान रैली।
—विशाल क्लीन अप रैली सम्मेलन एवं द्वितीय चरण की घोषणा एवं प्रथम चरण की उपलब्धियों की प्रदर्शनी।
—वैज्ञानिक और बच्चे आमने-सामने।

सोफ्टवेयर प्रोडक्शन :

क्लीन अप ग्वालियर खेल
क्लीन अप ग्वालियर पोस्टर प्रदर्शनी
क्लीन अप ग्वालियर सर्वेक्षण किट

क्लीन अप ग्वालियर साइन्स क्विज
क्लीन अप ग्वालियर विज्ञान गीत
क्लीन अप ग्वालियर विज्ञान लोकगीत
क्लीन अप ग्वालियर विज्ञान नुक्कड़ नाटक

—अनुपयोगी कचरे का सजावट के कार्यों में उपयोग प्रदर्शनी।
—वाटर टेस्टिंग किट।
—वर्मीकल्चर टेक्नोलॉजी प्रशिक्षण।
—रीसायक्लिंग ऑफ वेस्ट पेपर टेक्नोलॉजी प्रशिक्षण एवं प्रोडक्शन यूनिट की स्थापना।
—किशोरी स्वास्थ्य एवं प्रजनन जागरूकता कार्यक्रम-१० से १८ वर्ष की लड़कियों के लिए विशेष कार्यक्रम।
—प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम।
—यातायात जागरूकता कार्यक्रम।
—पान मसाला, तम्बाकू, सिगरेट, नशा, चाकलेट छोड़ने के विशेष अभियान।

आप क्या कर सकते हैं !

व्यक्तिगत

(१) स्थानीय कार्यक्रमों एवं साफ-सफाई अभियान में शामिल हों।
(२) स्थानीय समस्याओं का सर्वेक्षण करें।
(३) आप गतिविधियों के स्त्रोत व्यक्ति के रूप में कार्य करना चाहें, तो सम्पर्क करें या पत्र डालें।
(४) स्थानीय समन्वयक के रूप में कार्य करने आगे आयें।

संस्थागत

(१) बाल विज्ञान परिषदों का गठन करें।
(२) क्लीन अप ग्वालियर गतिविधियों को अपने इलाके में आयोजित करें।

कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति

अध्यक्ष — **श्री अखिलेश श्रीवास्तव**
संयुक्त संचालक
शिक्षा संभाग, ग्वालियर

संयोजिका — **श्रीमती संतोष चौधरी**
प्राचार्या
शा क उ मा विद्यालय शिन्दे की छावनी,
जयेन्द्रगंज लश्कर

सह-संयोजक — **श्री के. सी. सोलंकी**
प्राचार्या
शा उ.मा वि., टकसाल

सदस्य—

एच. सी. शर्मा, उप संभागीय शिक्षा अधीक्षक।
उपेन्द्र शहाणे, प्राचार्य जीवाजीराव उ.मा.विद्यालय।
डॉ. सी. व्ही. लघाटे, प्राचार्य शा बाल उ.मा.वि., डबरा।
श्रीमती संतोष छावड़ा, प्राचार्य गजराजा क.उ.मा. विद्यालय।
श्रीमती निशा डे, प्राचार्य शा क.उ मा.वि., रेल्वे कॉलोनी।
श्रीमती उर्मिला दुबे, प्राचार्य शा.क.उ.मा.वि मुरार क्र. २
मालती शुक्ला, प्राचार्य शा.क.उ मा.वि., ग्वालियर (किला गेट)
श्री राजाराम गुप्ता, प्राचार्य सनातन धर्म क.उ.मा.वि., लश्कर।
श्रीमती शारदा चोपड़ा, प्रधानाध्यापिका गजराराजा क.मा.वि.
कुमुद वणकर, प्रधानाध्यापिका मा क. शाला महारानी क्र. १
हरिदत्त शर्मा, प्रधानाध्यापक पटेल मा.वि., ग्वालियर
श्री सत्यवती शुक्ल, प्रधानाध्यापक शा.मा.वि., ठाटीपुर
डॉ. माधुरी शुक्ला, व्याख्याता महिला मण्डल उ मा.वि दानाओली
शैल कुमारी श्रीवास्तव, प्रधानाध्यापक शा मा.क वि., दाल बाजार
एदल सिंह चौहान, प्रधानाध्यापक श्रीकृष्ण मा.वि., पड़ाव, ग्वा.
राम शंकर दुबे, रिटायर्ड प्रधानाध्यापक

जगदीशलाल धूपड़, शिक्षक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी
कार्यालय, मुरार
कु उदय श्रीवास्तव, क उ मा.वि., रेल्वे कालोनी
श्रीमती इन्दु रायजादा गजराराजा क.उ.मा.वि.
कु. रक्षा शर्मा, सनातन धर्म क.उ.मा.वि.
सौ. मालिनी काकड़े, प्रधानाध्यापक शा.मा.क.वि., शरणार्थी गोरखी
सौ. लक्ष्मीलता वेदी प्रधानाध्यापक शा.क.वि., जीवाजीगँज
श्रीमती राजेश कश्यप, प्रधानाध्यापक शा.क.मा विद्यालय,
मामा का बाजार, लश्कर
के. एल. दीक्षित, प्राचार्य शा.उ.मा.वि., उटीला

स्रोत विद्वान

डॉ. कृष्णकान्त तिवारी
पूर्व कुलपति
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
श्री कमल दीक्षित
प्रोफेसर
माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय
पत्रकारिता विश्वविद्यालय
श्री बृजमोहन गुप्त
सहायक निदेशक
आकाशवाणी दिल्ली
डॉ. आर. आर. दास
प्रोफेसर
जीवाजी विश्वविद्यालय
डॉ. वाय. एम. गुप्ता
प्रोफेसर
जीवाजी विश्वविद्यालय

सलाहकार
डॉ. आलोक शुक्ला
डायरेक्टर
डायरिया नियन्त्रण मिशन, भोपाल

सचिवालय
हेमन्त शुक्ला
श्रीमती आशा सिंह
जयन्त शर्मा
डॉ. अविनाश तिवारी
कार्यालय
गोरखी माध्यमिक विद्यालय
क्रमांक १, ग्वालियर

समन्वय समिति

डॉ. अजय गौड़
बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ

अरुण भार्गव
डॉ. उमाशंकर द्विवेदी

कार्यालय संयोजक—**प्रमोद जैन, जितेन्द्र भटनागर, राजेश करहेलिया**

Safe water, personal hygiene, latrine use and environmental sanitation lead to healthier life. Butterfly symbolises joy, beauty and quest for cleaner surroundings.

Rajiv Gandhi National Drinking Water Mission
Ministry of Rural Areas & Employment, Government of India

SCIENCE CENTRE (GWALIOR) MADHYA PRADESH

(A voluntary action for science communication)

जन-जन के लिए विज्ञान

राष्ट्रीय विज्ञान एव प्रौद्योगिकी संचार परिषद्
(विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग)
भारत सरकार

NCSTC

विज्ञान को लोकप्रिय बनाने हेतु वर्ष 1987 से 1991
के दौरान किए गए सर्वोत्तम प्रयासों के लिए
रा.वि.प्रौ.सं.प. का

एक लाख रुपए का राष्ट्रीय पुरस्कार

साइंस सेन्टर (ग्वालियर)

को

विभिन्न माध्यमों विशेषकर [illegible] गतिविधियों एव परियोजनाओं द्वारा बच्चों में वैज्ञानिक प्रवृत्ति को उजागर करने तथा [illegible] के प्रशिक्षण द्वारा मध्य प्रदेश से बाहर दूसरे राज्यों में भी [illegible] प्रयासों को बढ़ावा देने तथा अपनी तरह की नई संस्थाओं की [illegible] के लिए किये गये उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रदान करती है।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस से सम्बद्ध कार्यक्रमों के अंतर्गत
आज 19 मई, 1993 के दिन हुए आयोजन
के दौरान प्रदत्त।

(पी आर कुमारमंगलम)
अध्यक्ष, राष्ट्रीय विज्ञान एव प्रौद्योगिकी संचार परिषद
एवं केंद्रीय राज्य मंत्री (विज्ञान और प्रौद्योगिकी)

OFFICE
HIG-12, Darpan Colony, Gwalior - 474 011,
Phone : 341027, 341395

SCIENCE CENTRE

Science Centre Gwalior is a voluntary organization registered under the society registration act of 1860 (M.P. Society registration act 76). Science Centre is devoted for promotion of scientific temper among the people and to popularize the understanding of science for uplift of common man.

A JOURNEY FROM BJVJ - 1987

